

सूर्योदय प्रातः 5:05 सूर्यास्त संध्या 6:39 पखवाड़ा आषाढ़ कृ. सप्तमी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 24°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शुक्रवार, 28 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 135, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


### मुख्यमंत्री ने प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

# युवाओं का होगा कौशल विकास, रोजगार भी देंगे : चम्पाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विशेष प्रयोजन वाहिनी (एसपीवी) के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनके कौशल विकास और रोजगार के लिए सरकार कृतसंकल्प है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**अपने दायित्वों को निष्ठा के साथ निभायें**


**मुख्यमंत्री** ने विद्यार्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने के साथ आपके दायित्व भी बढ़ गये हैं। आपको अपने घर-परिवार को चलाने के साथ समाज, राज्य और देश के लिए जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, क्योंकि आपसे बहुत कुछ जुड़ा है।

**सीखने की प्रक्रिया को जारी रखें**

**मुख्यमंत्री** ने विद्यार्थियों से कहा कि संसार में कभी कोई कार्य रुकता नहीं है। ऐसे में बदलते समय के अनुरूप अपने को बनाये रखना जरूरी है। आप अपने कार्यों में निरन्तरता ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों से कहा

- घर-परिवार, समाज और राज्य के प्रति अपने दायित्वों को निष्ठा के साथ निभायें
- आपकी सफलता दूसरे युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए करेगी प्रेरित



## राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता : सीएम

**राज्य** की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरन्तर जारी है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जतायी। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नयी दिशा मिलेगी।

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण कदम
- स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में निवेश करनेवालों को राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग
- यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी
- राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बना रहे हैं बेहतर

**ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने पर जोर**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से ● शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनाएं ली गयी हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर, जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाये गये नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे, यह सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने निमित्त एक महत्त्वपूर्ण योजना है। हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश पदाधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव बेहतर तरीके से हो, इस निमित्त विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करें।



- जल जीवन मिशन की सभी जलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूर्ण करें
- शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

**भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विशेष कार्य योजना बनायें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत नये नलकूपों के कार्य प्रगति में तेजी लायें। खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत कार्य भी अवश्य करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विभाग विशेष कार्य योजना भी बनायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत इंटागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक सम्पोषित जलापूर्ति ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने किया सुसाइड

**कोटा :** शहर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी कर रहे एक और कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार को जब यह हादसा हुआ, उस समय हॉस्टल में वार्डन भी नहीं था। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला, तो हॉस्टल स्टाफ ने आवाजें देकर दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर देखा, तो छात्र फंदे से लटका हुआ मिला। दादाबाडी पुलिस थाने के सीआई नरेश मीणा ने बताया कि झारखंड में देवघर का रहनेवाला रिषित अग्रवाल (17) 12वीं के साथ कोटा में नीट की पढ़ाई के लिए कोचिंग ले रहा था। सुसाइड के पीछे पढ़ाई का तनाव ही मुख्य कारण बताया जा रहा है। हालांकि, परिजनों के कोटा पहुंचने पर पूछताछ से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता हुए नियुक्त

**नयी दिल्ली :** उच्च सदन के 264वें सत्र के पहले दिन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने जगत प्रकाश नड्डा को राज्य सभा में सदन के नेता के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। जब इसकी घोषणा की गयी, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदन में मौजूद थे।

## अंदर के पन्नों पर


3 सेना भर्ती के दौरान दलालों से दूर रहने की सलाह...

5 अवैध खनन को रोकने व खनन को सुचारू रूप...

7 ज्यादा से ज्यादा वादों का लोक अदालत में करें...

9 120 करोड़ के कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण...

10 साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा...


## हजारीबाग में सीबीआई टीम फिर प्रिंसिपल को लेकर पहुंची स्कूल, की पूछताछ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को सीबीआई की टीम एक बार फिर मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल में सुबह के 10:40 पर ले कर आयी थी। रात भर सीबीआई की टीम ने उन्हें चरही स्थित गेस्ट हाउस में रखा था। बताया जा रहा है कि सीबीआई की टीम ने छह लोगों को डिटेन किया है। सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह उम्मीद भी लगायी जा रही थी कि प्राचार्य को कोर्ट लाया जायेगा, लेकिन सीबीआई की टीम ने उन्हें सीधा स्कूल लाया था। वहां उनसे फिर से पूछताछ की गयी। सात सदस्यीय टीम उन्हें दो गाड़ी से लेकर ओएसिस स्कूल पहुंची थी। बुधवार को ● शेष पृष्ठ 11 पर

### महाराष्ट्र सरकार भी नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपेगी

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले से संबंधित सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जानेवाली मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (अंडर ग्रेजुएट) या नीट में अनियमितताओं के कई आरोप लगाये गये हैं। सूत्रों के अनुसार एटीएस की टीम ने नीट पेपर लीक मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और दोनों से गहन छानबीन की जा रही है।

### रांची में सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक

**रांची :** झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है। इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान रांची में आयोजित होनेवाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है।

## एनआईए ने झारखंड के सिंहभूम जिले में माओवादियों के ठिकानों पर की छापेमारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के सिंहभूम जिले में आज सुबह माओवादियों के ठिकानों पर छापेमारी की। इन ठिकानों की तलाशी के दौरान एनआईए की टीम ने मोबाइल फोन और दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। एनआईए ने गुरुवार 27 जून को यह जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक यह छापेमारी कूरियर मामले में की गई है। इसके तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के कई संदिग्धों और कार्यकर्ताओं के घरों और ठिकानों पर तलाशी ली गयी है। इस दौरान चार स्थानों पर छापेमारी कर की गयी। एनआईए की यह कार्रवाई प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए जमीनी स्तर पर काम करनेवाले तीन लोगों की गिरफ्तारी से जुड़े एक मामले में हुई, जो सीपीआई (माओवादी) के लिए कूरियर के रूप में काम कर रहे थे।

### राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की, कहा

## टाला जा सकता था आपातकाल का जिक्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा आपातकाल का उल्लेख किये जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक है और इसे टाला जा सकता था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी, जिस दौरान राहुल गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल लागू किये जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, यह एक शिष्टाचार भेंट थी। अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया और इसके बाद उन्होंने अन्य भारतीय गठबंधन सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मुलाकात की। यह पूछे जाने पर कि क्या गांधी ने सदन में उठाये जा रहे आपातकाल के मुद्दे पर चर्चा की? वेणुगोपाल ने कहा, 'हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। बेशक, यह मुद्दा भी उठा।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल जी ने इस मुद्दे के बारे में अध्यक्ष को जानकारी दी और कहा कि इसे अध्यक्ष के संदर्भ से टाला जा सकता था।



### लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही थोड़े समय तक चलने के बाद आज दिनभर के स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रति दोनों सदनों में रखी गयी। कल से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। राज्यसभा में गरुिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन से अपनी मंत्रिपरिषद का परिचय कराया। वहीं, लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को राहुल गांधी के विपक्ष के नेता बनाये जाने की सूचना दी।

## एनएसयूआई ने नीट परीक्षा को लेकर किया प्रदर्शन, एनटीए कार्यालय पर जड़ा ताला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ओखला स्थित कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने एनटीए कार्यालय में घुसकर उसे अंदर से बंद कर दिया। वहीं भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने एक वीडियो जारी कर कहा कि देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली एनटीए जैसी भ्रष्टाचारी संस्था पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने एनटीए के दिल्ली ऑफिस पर ताला लगा कर नीट, नेट और सीयूईटी समेत सभी परीक्षाओं के छात्रों को न्याय देने की मांग की। यदि एनटीए को बैन नहीं किया गया, तो एनएसयूआई देश पूरे भर में एनटीए के ऑफिस पर ताला लगायेगी। इस वीडियो में एनएसयूआई कार्यकर्ता एनटीए बंद करो और एनटीए मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते दिखाई दे रहे हैं।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों को किया सम्बोधित ; कहा

# नीतियों का विरोध करना और संसद की कार्यवाही को बाधित करना दो अलग-अलग बातें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नीतियों का विरोध करना और संसद की कार्यवाही को बाधित करना दो अलग-अलग बातें हैं। जब संसद सुचारु रूप से चलती है और स्वस्थ बहस होती है, तो लोगों का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन के बाद अपने पहले अध्यक्षीय भाषण में जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए चुनावों की सराहना की और कहा कि इन चुनावों ने अशांति फैलाने की मंशा रखनेवाली विघटनकारी ताकतों को एक कड़ा संदेश दिया है।



राष्ट्रपति ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और 2024 के लोकसभा चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए चुनाव आयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनायी है। राष्ट्रपति ने अपने भाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनायीं और कहा कि आगामी बजट भविष्य की दूरदर्शिता का दस्तावेज होगा। इसमें बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्द्धा हो। यही कम्प्टीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है। राष्ट्रपति ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11वें नम्बर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नम्बर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 08 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है और यह ग्रोथ सामान्य समय में नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्ष में ऐसे अनेक रिफॉर्म हुए हैं, जिनका बहुत लाभ देश को आज मिल रहा है। जब ये रिफॉर्म किये जा रहे थे, तब भी इनका विरोध किया गया था, नकारात्मकता फैलाने की कोशिश की गयी थी, ● शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों को सम्बोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप : मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में सम्बोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रपति जी का संसद के दोनों सदनों में सम्बोधन व्यापक था और इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आनेवालीं सम्भावनाओं को शामिल किया गया। उनके सम्बोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।'

## एक झलक

### विद्यार्थियों के बीच पुस्तकों का वितरण

**बेड़ो :** प्रखंड के हरहंजी गांव स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के परिसर में गुरुवार को छात्र छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापिका अर्पणा तिग्गा व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भीम गोप ने नए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया।मौके पर भीम गोप ने कहा कि शिक्षा से हीं जीवन का संपूर्ण विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने और अपने भविष्य को उज्वल बनाने के लिए अच्छी तरह से पढ़ाई करें। मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### कांग्रेस पार्टी को करेंगे मजबूत : गोपाल तिवारी

**बुढ़मू :** ठाकुरगांव निवासी गोपाल तिवारी को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का रांची जिला उपाध्यक्ष और रांची जिला कर्मचारी संघ का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। गोपाल तिवारी ने कहा कि अपने पद पर रहते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय, मंत्री बन्ना गुप्ता, अजय शाहदेव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश पांडेय, सुरेश बैठा, संजीव सिन्हा ने बधाई दिया है।

### देवेन्द्र महतो व उनके समर्थकों ने बीडीओ मैडम को सौंपा ज्ञापन

**मुरी :** जेबीकेएसएस के वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र महतो और वीडियो मैडम के बीच किसानों के लिए मुफ्त में बीज उपलब्ध कराने को लेकर आधे घंटे से उपर टेबल टाक हुआ। बातचीत में कहा गया कि यहां के लोगों का मुख्य काम खेती बाड़ी है खेती उसकी रीढ़ है ऐसे में किसानों को बाहर से महंगे दाम में बीज खरीदना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर देवेन्द्र महतो एवं उनके समर्थकों ने एक ज्ञापन सौंपा। फिर छोटा मुरी विजय स्वर्णकार और नेपाल महतो के घर जलने के संबंध में मुवाआवजे को लेकर वीडियो से बातचीत किया गया।

### सिल्ली पुलिस ने 25 वर्षीय अज्ञात शव किया बरामद

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र के रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिंधु पैथोलॉजीकल के समीप गुरुवार की सुबह सिल्ली पुलिस ने एक अज्ञात लगभग 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया। गस्ती कर रहे पुलिस ने शव को सिल्ली रेफरल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार से पुछने पर उन्होंने बताया कि मौत की पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत



**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र के चमघाटी में गुरुवार को हुये एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिल्ली की ओर जा रहे खेरवाकोचा निवासी सुलेमान बांडो (45) व झिरी निवासी दीपक (46) अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराये व खड्डे में गिर गये। सूचना पाकर पहुंचे आजसू नेता पारसनाथ उरांव, बबलू अंसारी व महावीर महतो ने दोनों घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेजवाया वहां इलाज के दौरान सुलेमान की मौत हो गई।

### 11000 वोल्ट का करंट लगने से मवेशी की मौत

**रामगढ़ :** बरकाकाना ओपी क्षेत्र के डुडगी बस्ती में 11000 वोल्ट करंट की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी के मालिक डुडगी निवासी बाबूराम मुंडा पिता नेमधारी मुंडा ने मामले की लिखित सूचना बरकाकाना ओपी में दी है। बताया गया कि बुधवार की शाम 11000 खेत में वोट का तार टूटकर खंभे से सटा हुआ था।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूंटी में जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

# कार्य कुशलता व क्षमता दिखाते हुए बच्चों को पढ़ायें शिक्षक : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** निपुण समागम के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) खूंटी में 100 शिक्षकों के चार दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला के समापन पर गुरुवार को जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूंटी में किया गया। टीएलएम मेला का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खूंटी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, उपस्थित थे। जिला स्तरीय टीएलएम मेला में एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों को रुचिकर, आकर्षक एवं खेल के माध्यम से सीखने- सिखाने के लिए

- क्षेत्रीय भाषाओं में ज्ञान एवं एक्टिविटी बेस्ड कार्य आवश्यक
- कार्यक्रम एवं बेहतर शिक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक
- सभी शिक्षक सक्रिय रूप से बच्चों के बहुमुखी विकास में भागीदार बनें

विभिन्न प्रकार के निर्मित टीएलएम की प्रदर्शनी की गई। उपायुक्त ने शिक्षकों द्वारा मेले में प्रदर्शित सभी टीएलएम का बारीकी से अवलोकन किया और शिक्षकों से



उस टीएलएम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के तरीके का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर आयोजित टीएलएम मेला में शिक्षकों द्वारा काफी आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक टीएलएम का प्रदर्शन किया गया है। इसी प्रकार के टीएलएम का निर्माण सभी विद्यालयों के शिक्षकों को बच्चों के पठन-पाठन के लिए किया जाना है। जिस प्रकार राज्य स्तर से एफएलएन कार्यक्रम प्रारंभिक कक्षाओं के लिए संचालित किया जा रहा है। उसी प्रकार जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए बेसिक कार्यक्रम सभी प्रखण्डों में संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर में अपेक्षित प्रगति देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन का विशेष ध्यान एफएलएन कार्यक्रम पर है और इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग को आवश्यक सहयोग भी किया जायेगा। कार्यक्रम की उपलब्धि की समय-समय पर समीक्षा भी की जायेगी। डीसी ने बताया कि कार्य कुशलता एवं कार्य क्षमता को दिखाते हुए शिक्षक बच्चों को शिक्षित करें। सभी शिक्षक सक्रिय रूप से बच्चों के बहुमुखी विकास में भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं में ज्ञान एवं एक्टिविटी बेस्ड कार्य आवश्यक है। इसमें जिला प्रशासन अपेक्षित सहयोग के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम एवं बेहतर शिक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। मेले में टीएलएम सामग्रियों का अवलोकन आरसी बालक मध्य विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रखण्ड कॉलोनी, उसुलाइन बालिका मध्य विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कन्या, खूंटी और डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी के लगभग एक हजार बच्चों ने किया।

### तीन नम्बर झोपड़ी की आंगनबाड़ी में सहायिका चुनी गयी सोनाली

**भुरकुंडा :** पंचायत अंतर्गत तीन नंबर झोपड़ी में ग्राम सभा के माध्यम से आंगन बाड़ी सहायिका का चुनाव कराया गया जिसमें सलोनी कुमारी को निर्विरोध चुना गया। तीन नंबर झोपड़ी में इससे पूर्व आंगन बाड़ी सहायिका द्वारा अपने पद से इस्तीफा दिया गया था। वही पतरातु सीडीपीओ शकुंतला मिंज प्रयवेछक कृति मिंज मुखिया अजय कुमार पासवन, पंसस दीपक भुइंया, पंचायत सेवक सावित्री कुमारी देखरेख में चुनाव कराया गया। इससे पूर्व आंगन बाड़ी सहायिका चायन को लेकर सीडीपीओ शकुंतला मिंज द्वारा चुनाव की सारी गाइड लाइन ग्ग्रामीणों को बताए जिसमें सलोनी कुमारी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। मौके पर संतोष उरांव, रावेल एक्का, रौशन एक्का, राडेल एक्का, अनंत एक्का, नीतू देवी, अनीता देवी, अमानू देवी, सरिता देवी सोनाली कुमारी, प्रीति कुमारी, रूमा देवी, सोमरी देवी, खिलिप मिंज, मानकी देवी, नरेश नायक, शालो देवी,पच्चू कसेरा निरसो देवी पुष्पा बेक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यकों को योजना का मिल रहा पूरा लाभ : शमशेर आलम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में अल्पसंख्यकों को केंद्र और राज्य सरकार की सारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजना धरातल पर दिख रही है और अधिकारी भी इस पर काफी गंभीर है। यह बातें गुरुवार को रामगढ़ पहुंचे झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और ज्योति सिंह माथारू ने कही। रामगढ़ पहुंचते ही आयोग के दोनों उपाध्यक्षों ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, अल्पसंख्यक ऋण योजना, अबुआ आवास योजना, साइकिल वितरण योजना, नल से



जल योजना, मदरसों की स्थिति, उर्दू शिक्षकों की बहाली के साथ-साथ उन तमाम योजनाओं की समीक्षा की, जिससे अल्पसंख्यक समाज के लोगों का विकास होता है। अधिकारियों ने जो रिपोर्ट उन्हें सौंपा उससे आयोग काफी संतुष्ट दिखा। उन्होंने कहा कि पुरानी योजनाएं तो पूरी हो ही चुकी है, जिसमें कब्रिस्तान की घेराबंदी की योजना काफी अहम है। सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए और कई नई योजनाएं भी तैयार की हैं। उम्मीद है वह भी जल्द धरातल पर मूर्त रूप लेता दिखाई देगा। रामगढ़ डीसी के नेतृत्व में हो रहा विकास आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और ज्योति सिंह माथारू अधिकारियों की बैठक के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में डीसी चंदन कुमार के नेतृत्व में जो विकास कार्य हो रहा है, वह काफी संतोषजनक है। यहां ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली जिससे उन्हें ऐसा लगे कि अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी हो रही है। इस दौरान रामगढ़ जिले को अल्पसंख्यक छात्रावास का आवंटन नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। जब चर्चा हुई तो पता चला कि रामगढ़ जिले में इस योजना का आवंटन राज्य सरकार के स्तर से हुआ ही नहीं है। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि वह राज्य सरकार से तत्काल इसकी अनुशंसा करेंगे। रामगढ़ जिला बने हुए लगभग 17 साल हो चुके हैं और ऐसी स्थिति में यहां अल्पसंख्यक छात्रावास का नहीं होना एक गंभीर विषय है।

# जलमीनार निर्माण कार्य में अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के खत्री खटंगा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया है। गांव के रामनंद टंडन, ब्रजकिशोर टंडन, अभिजित खन्ना, किशन खन्ना, अंकुश खन्ना, कुणाल टंडन, प्रित सेठ, सिद्धार्थ खन्ना, प्रिंस कपूर, देवशरण नाथ टंडन, लकी खत्री, अनीश टंडन, सुभाष खन्ना, राधेश्याम खन्ना सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा है कि जलमीनार निर्माण कार्य प्रगति पर है लेकिन इसमें बड़ी लापरवाही बरती जा रही है ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग



किया जा रहा है। ना ही बन रहे पिलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की पिलर मजबूत नहीं बनेगी। ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार के ढलाई करने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी में एक दिन भी पानी पटवन नहीं किया जा रहा है ऐसे में कितना गुणवत्तापूर्ण टंकी निर्माण होगा। इधर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा जल-जीवन मिशन का यह कार्य केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, ताकि हर घर तक नल से जल पहुंच सके। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने ठेकेदार और पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि खत्री खटंगा बस्ती में बन रहे टंकी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। ताकि भविष्य में ग्रामीणों को पेयजल की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण का शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड क्षेत्र के पंडरी पंचायत अंतर्गत सौल साप गांव में झारखंड सरकार कल्याण विभाग के सौजन्य से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा मुस्लिम कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया, मौके पर जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, मुखिया जयनाथ भगत, पंचायत समिति सदस्य रफत परवीन, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, प्रमोद लाल अब्दुला अंसारी, के अलावे अन्य मौजूद रहे, इस दौरान इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया ग्रामीणों का कहना था कि बहुत दिनों से इस कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण कार्य की मांग की जा रही थी।

# मजदूर अपना पंजीकरण जरूर करायें : श्रम अधीक्षक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** श्रम अधीक्षक कार्यालय में सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को जिला स्तरीय कायार्शाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अलताफा खान और संस्था के सचिव राजेन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह ने कहा कि संगठित एव असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण श्रम विभाग में होता है। मजदूर यदि इस



कार्यालय या ऑनलाइन पंजीकरण कराते है और वर्ष में एक बार उसे नवीकरण कराते है, तो बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, विकलांगता, विवाह, आकस्मिक मृत्यु, निःशक्तता के स्थिति में विभाग द्वारा आर्थिक मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि जब इस कार्यालय आये हैं, तो पूरी जानकारी लेकर जाए। तनुश्री सरकार ने कहा कि असुरक्षित पलायन का सबसे ज्यादा दर्द महिलाओ एव बच्चों भुगतना पड़ता है। असुरिक्षत पलायन रोकने के लिए नशापान को रोकना जरूरी है। बहुत हद तक गरीबी एव अशिक्षा के लिए नशापान जिम्मेदार है। नशापान रोकने एव समाज को सशक्त बनाने के लिए महिलाओ को आगे आना होगा। तभी स्वस्थ्य समाज का निर्माण हो सकेगा। मो अलतफा खान ने कहा कि अनाथ, गरीब और जिन बच्चों के माता-पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, उन बच्चों को स्पॉन्सरशिप से जोड़कर प्रत्येक माह चार हजार की मदद दी जाती है। संस्था के सचिव राजेन कुमार ने कहा कि श्रम विभाग से कई योजनाएं संगठित एव असंगठित मजदूरों के लिए चलाई जा रही है, लेकिन श्रम विभग में पंजीकरण एव नवीकरण समय-समय पर करना आवश्यक है।

### भाजपा कार्यकर्ता चमन पोद्दार के पुत्र का सड़क दुर्घटना में निधन

**गोला (रामगढ़):** गोला पंचायत के बुथ नं 296, के बुथ अध्यक्ष सह भाजपा कार्यकर्ता चमन पोद्दार के पुत्र बिकास पोद्दार का कल देर रात बरियातू गाँव के समीप मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दिवंगत विकास पोद्दार का अंतिम संस्कार पटासुर नदी के तट पर किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद थे। गमगीन आँखों से दिवंगत को अंतिम विदाई दी। मृतक विकास एक हँसमुख, मिलनसार एवं शांत स्वभाव का लड़का था। इस दुख के घड़ी पर गोला मंडल भाजपा के पूरी टीम उनके परिवार के साथ खड़ा है। घटना की सुचना मिलने पर हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने दुख प्रकट किया।

# नशा मुक्ति को लेकर निकली जागरूकता रैली




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** नशा मुक्ति अभियान के तहत डीएवी उरीमारी एवं उरीमारी ओपी के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन गुरुवार को किया गया। रैली डीएवी उरीमारी से चेक पोस्ट तक आयोजित की गई। रैली का आयोजन डीएवी उरीमारी के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय एवं उरीमारी ओपी प्रभारी राम कुमार राम की अगुवाई में संपन्न हुआ। रैली के दौरान डीएवी उरीमारी तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरजरा के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति को लेकर जन-जन का यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश, नशे को छोड़ दो अपने जीवन को नया मोड़ दो, हमको यही बताना है नशे को दूर भगाना है, एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि नारा लगाया। रैली में डीएवी उरीमारी के शिक्षक शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से डी के मंडल, बी प्रुस्टी, एस के तिवारी, एन के वत्स, एल बी यादव, वसीम रेजा, बबीता कुमारी एवं छात्र छात्राओं में पीहू कुमारी, अभिनव कुमार, आयुष कुमार, सृष्टि कुमारी, एंजेल प्रिया, कृतज्ञा पंडित, विद्या लक्ष्मी, रितु कुमारी, अभिलाषा कुमारी, सरिता कुमारी, सुजल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, कृति कुमारी, युवराज कुमार, शोएब, अनुष्का कुमारी, आयुषी कुमारी, रौनक कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार, राजवीर कुमार, रितेश कुमार, अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्वर्ण डीपीएस स्कूल में ब्लड ग्रुप टेस्ट का आयोजन

**बेड़ो :** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल परिसर में गुरुवार को एबीओ ब्लड ग्रुप टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा 6 से 9 के छात्रों का ब्लड जांच कर ब्लड ग्रुप व इसके महत्व को बतलाया गया।मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल दीपम बनर्जी ने कहा कि यह टेस्ट छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहचान प्रक्रिया है। छात्रों को ब्लड ग्रुप के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने ब्लड ग्रुप के बारे में जानकारी होनी चाहिए। स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए जरूरी है। वही स्कूल में बहुत जल्द एक मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में तीन खिलाड़ियों का चयन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** झारखंड राज्य तैराकी संघ के तत्वाधान में खेल गांव के वीर बुधु भगत स्टेडियम में आगामी 29 जून को जे. आर. डी. टाटा में होने वाले राज्य स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर चयन प्रतियोगिता गुरुवार को आयोजित की गई जिसमे गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान के तीन खिलाडियों ने सफलता प्राप्त की है सिकिदिरी के अमन कुमार जायसवाल 100 मीटर फ्री स्टाइल एवं 450 मीटर रिले में सफल रहे वहीं आगरटोली के राजेश मुंडा 50, 100, 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक व 450 मीटर मिडले रिले एवं नगराबेड़ा निवासी मनेश्वर बेदिया ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सफलता प्राप्त की है उनके चयन पर जनकल्याण समर्पण संस्थान के सभी



पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया की पीछले 15 वर्षों से हमलोग तैराकी सहित सभी खेलों में इस क्षेत्र के बच्चें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाये इसके लिए सालो भर प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं, तैराकी के साथ साथ स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में भी सैकड़ों बालक बालिकाओं को प्रतिदिन एथेलेटिक्स, फुटबॉल, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा भेंक आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तैराकी के क्षेत्र में हमारे बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है सभी की उज्जवल भविष्य की कामना है, हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।बधाई देने वालो में संस्थान की कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष रमण कुमार, मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रीय सदस्य विजय सिंह, संदीप वर्मा, आदि मौजूद थे।

# एरिया कमांडर सहित दो नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर विष्णु मांझी के साथ एक अन्य नक्सली सामू डोडराय उर्फ फुटू को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास एक देसी कट्टा, तीन कारतूस, पीएलएफआई के चार पर्चे, चोरी की बाइक (जेएच 01पी 4246) और पांच मोबाइल बरामद किये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि तोरपा थाना के तेतरटोली के पास दो व्यक्ति एक ग्रे रंग की मोटरसाइकिल से घूम हैं और हथियार रखे हुए हैं। इसमें एक



व्यक्ति पीएलएफआई का एरिया कमांडर भी है। एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम जब तेतरटोली के पास पहुंची तब देखा कि दो व्यक्ति ग्रे रंग की मोटरसाइकिल से आ रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम विष्णु मांझी उर्फ एडी उम्र (20) निवासी जरिया कुटाम थाना तोरपा बताया जबकि दूसरा सामू डोडराय उर्फ फुटू है। सामू भी जरिया कुटाम का ही रहने वाला है। तलाशी के दौरान विष्णु मांझी के पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस के अलावा अन्य सामान बरामद किये गये। एसडीपीओ ने कहा कि यह पुलिस की बड़ी सफलता है। तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और तपकार के थाना प्रभारी राजू कुमार को पुरस्कृत करने का आग्रह एसपी से किया जाएगा। छापेमारी दल में तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, तपकरा के थाना प्रभारी राजू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्यामल कुंभकार, सहायक अवर निरीक्षक रमजानुल हक, आरक्षी चमरा मुंडा, सर्वजीत कुमार, गोपाल भगत रितेश कुमार और रविंद्र कुमार सिंह शामिल थे। पहले भी जेल जा चुके हैं दोनों नक्सली एसडीपीओ ने बताया कि एरिया कमांडर विष्णु मांझी को दो बार पुलिस 17 सीएलए और अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एक बार सिमडेगा पुलिस और एक बार गुमला पुलिस ने विष्णु मांझी को जेल भेजा था।

**नीट परीक्षा में घोटाला**

# संसद भवन घेराव में शामिल हुए युवा नेता अजय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली :** इस दौरान युवा नेता अजय कहा कि नीट यूजी को लेकर देश में लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है. यूथ कांग्रेस का सबसे बड़ा प्रदर्शन आज 27 जून को संसद घेराव किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरे देश भर से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए नीट यूजी में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, जबकि नीट का पेपर अंतिम समय में निरस्त किया गया। यह आम परिवार के नौजवानों के साथ धोखा है! युवाओं को जो नुकसान हुआ है. क्या सरकार उसकी भरपाई करेगी. एनटीए के डायरेक्टर को हटाकर सरकार लीपापोती का प्रयास कर रही है! शिक्षा मंत्री को इस पर जवाब




देना चाहिए। नीट यूजी 2024 परीक्षा के संचालन एवं परिणामों से जुड़ी कई शिकायतों एवं चिन्ताओं को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। जैसा कि आप जानते हैं कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा विगत 04 जून 2024 को नीट यूजी 2024 का परिणाम जारी किया गया।

## एक झलक

### एक महीने से बिना बिजली के अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरना पंचायत के टोला कारीमाटी में पिछले 20 मई 2024 से ही 16 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल चुका है जिसकी वजह से 25 आदिवासी परिवार बिना बिजली के त्रस्त हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा सबंधित जेई को इसकी सूचना दी। सूचना दिए जाने के उपरांत अब तक एक महीना से भी अधिक समय बीत चुका है मगर इस मामले को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। नतीजन समस्त गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। बताया गया कि सबंधित जेई को जब भी दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जाता है तो वह कोई जवाब नहीं देते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब इस गांव का भगवान ही मालिक है, कहने को तो, अबुआ दिशोम, अबुआ राज्य है लेकिन धरातल की सच्चाई कुछ ही बयान करती है। इस मामले में जेई से बात करने के उपरांत बताया गया कि उनके संज्ञान में एक टोला में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना थी और एक महीने पूर्व ही वहां ट्रांसफॉर्मर दे दिया गया है, कारीमाटी टोला की सूचना उन्हें अभी मिली है जिस पर जल्द पहल करते हुए दो से तीन दिनों में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

### अवैध छर्री लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**कटकमसांडी :** पेलावल पुलिस ने चालक सहित अवैध छर्री लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर चालक गणेश राम को भादवि के धारा 414 एवं माइनिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। बता दें कि पेलावल ओ पी प्रभारी शाहिना परवीन लगातार इस तरह के कार्य को अंजाम दे रही है और कोई भी अवैध धंधों को होने नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक के सख्त आदेश पर पेलावल पुलिस ने ओपी के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 70 दोपहिया वाहनों को पकड़ा है और उनके चालान काटे गए साथ ही वाहन सम्बन्धित कागजातों का जांच किया। इस दौरान पेलावल पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने का नसीहत दी। प्रभारी ने बताया कि इस तरह का अभियान अभी लगातार जारी रहेगा।

### मेडकूरी में हाथियों के तांडव से ग्रामीणों में दहशत

**दारू :** पिछले कई सप्ताह से हाथियों का झुंड हजारीबाग के सदर, दारू एव चुरचू प्रखंड में मंडरा रहा है। वन विभाग के अथक प्रयासों के बावजूद भी हाथियों के उसके कॉरिडोर तक भेजने में असफल है। बुधवार रात्रि हाथियों का झुंड दारू प्रखंड के मेडकुरी में पहुंचा जहां मेडकुरी खुर्द निवासी वीरेंद्र पासवान, रंजीत साव,सुबोध साव के बाउंड्री तोड़ा एवं काफी फसलों का भी नुकसान किया। वही मेडकुरी कला निवासी धीरेंद्र तुरी पिता स्वर्गीय बंसी तुरी के घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। भुक्तभोगियों ने बताया कि बिछडा हुआ एक हाथी बृहस्पतिवार सुबह 3 :00 बजे गांव में प्रवेश किया और कई बाउंड्री तोड़ते हुए फसलों को बर्बाद किया। धीरेंद्र ने बताया कि मेडकुरी गांव के कसिया टांड मे मेरा घर को हाथियों ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया अब घर रहने लायक नहीं है। मेरी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है जो मैं दोबारा घर बना सकूं। बांस से टोकरी डाला बनाते है बहुत ज्यादा आय का स्रोत नहीं है सरकार से गुहार लगाते हैं कि मेरा आर्थिक भरपाई किया जाये। पंचायत के मुखिया भोला तुरी ने कहा कि दो गांव में काफी बाउंड्री एवं फसल बर्बाद हुआ है। धीरेंद्र तुरी की आर्थिक स्थिति बिल्कुल अच्छी नहीं है इनलोगो को सरकारी मुआवजा मिलना चाहिए और वन विभाग को हाथियों की दिशा बदलना चाहिए।

## अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश

# को-ऑर्डिनेशन लेवल को इंप्रूव करें अधिकारी : डीसी

बैठक





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही अड़चनों को समन्वय बनाकर दूर करने के उद्देश्य से अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा कि स्वीकृत योजनाओं को सही समय पर धरातल पर उतारने एवं अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुचाने के लिए कर्त्तव्यबोध के साथ सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कर कार्य करें। मौके पर उन्होंने सेवा अधिकार गारंटी अधिनियम के तहत झारसेवा के माध्यम से प्रदत्त सेवाओं की समीक्षा के क्रम में अंचल एवं प्रखण्ड स्तर से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों हेतु निर्गत जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्रों के निर्गत करने में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर उपायुक्त ने कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिनियम के धाराओं के तहत लापरवाह अधिकारियों पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी साथ ही कहा कि प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति के भविष्य, रोजगार से जुड़ा महत्वपूर्ण दस्तावेज है अतः संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयसीमा के अंदर प्रमाण पत्रों का निष्पादन करें। उन्होंने प्रखंड कार्यालयों के कार्यप्रणाली में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। सरकारी योजनाओं के धरातल पर उतारने हेतु व्यक्तिगत इच्छाशक्ति का परिचय देने को कहा। लोक कल्याण से जुड़े जनता दरबार में आए मामलों के निरस रवैए पर उपायुक्त ने खासी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारीयों को फटकार लगाई। अंचलाधिकारियों को भूमि विवादों को निबटारे में गंभीर होकर सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि संबंधित मामलों के लिए राजस्व शाखा एवं अंचलाधिकारियों से समन्वय कर योजनाओं को यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर से स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों का सुदृढ़िकरण, आगंनबाड़ी केन्द्रों का जीर्णोद्धार व मॉडलीकरण आदि महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं जिसका क्रियान्वयन विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है उन कार्यों कि नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया एवं कॉर्डिनेट कर अड़चनों को दूर करते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। पर्यटन के लिए बरकट्ठा के सूर्य कुंड के पास पार्क निर्माण एवं पदमा के कुछ क्षेत्रों को पर्यटन अधिसूचित भूमि चिन्हित किया गया है इस संबंध में संबंधित अंचलाधिकारियों को जल्द भू प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग द्वारा वनाधिकार पट्टा का रिपोर्ट भेजने को कहा। सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन मामले पर अपेक्षाकृत कम सत्यापन कराने वाले प्रखंडों बरकट्ठा, चलकुशा, विष्णुगढ़,डाडी के बीडीओ को गंभीरता पूर्वक कार्य संपादन का निर्देश दिया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशनधारियों का शतप्रतिशत आधार सीडिंग कार्य को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि डुप्लीकेट पेंशनधारियों की पहचान हो सके।

## डेढ़ करोड़ से अधिक की योजनाओं का अम्बा प्रसाद ने किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी :** वृहस्पतिवार को डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली योजनाओं का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। प्रखंड क्षेत्र के पहरा में घाघरा डैम जाने वाली सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया एवं हेवई में कब्रिस्तान चार दिवारी निर्माण कार्य की भी विधिवत शिलान्यास किया गया। सड़क निर्माण में लगभग 1 करोड़ 40 लाख वही कब्रिस्तान चार दिवारी में लगभग 25 लाख की लागत आएगी। मौके पर विधायक ने कहा कि घाघरा डैम तक सड़क निर्माण होने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। उक्त सड़क निर्माण हेतु डीएमएफटी मद से प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने का कार्य किया गया है वही कल्याण विभाग से विधायक की अनुशंसा पर चारदीवारी निर्माण कार्य होना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, मुखिया भारती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे, धीरेंद्र साव, पवन साव, गणेश साव, उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, मोहम्मद जिलानी, मजहर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मेहंदी हसन, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी,अनिल साहू महेंद्र यादव जगदेव कुमार लखोत्सव मोहन कुमार कौशल्या देवी कौशल्या देवी समाजसेवी राजेंद्र साहू तिलेश्वर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग के गणयमान्य शिक्षकों को मिला सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** डीसीए द्वारा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ) धनबाद में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर के निदेशक सह शिक्षक विवेक कुमार को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इनके अलावा हजारीबाग के पाणिनी आईएएस अकैडमी के निदेशक प्रकाश कुमार, कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रितेश कुमार सिंह, श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक सी० के० पांडे, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट के निदेशक सुदेश कुमार, रोजगार तक के निदेशक विकास विश्वास, फिजिक्स प्वाइंट के निदेशक पवन कुमार पांडे, एसबी एग्जाम के शिक्षक अजीत मिश्रा आदि गणमान्य शिक्षकों को विद्यार्थीयों को बेहतर शिक्षा देने के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान पाकर सारे शिक्षकों अपने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमें मिला है, बल्कि हजारीबाग जिले के तमाम शिक्षा प्रेमियों के उचित मार्गदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों को यह मिला है। उपस्थित सभी शिक्षकों ने यह सम्मान हजारीबाग जिले के सभी शिक्षा प्रेमियों को समर्पित किया।

## कचरा प्रबंधन, ओडीएफ सहित शौच मुक्त की स्थिति को बनाये रखने पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक समाहरणालय सभागार में गुरूवार को सम्पन्न हुई। मौके पर निदेशालय से आये राज्य परामर्शी श्री आजाद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडिएफ-प्लस गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि, हजारीबाग जिले में ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को 5 स्टार रेंटिंग तक देकर गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त घोषित करने का 1 दिसम्बर, 2024 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत जिले में पेयजल एवं स्वच्छता यथा खुले में शौचमुक्त, ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जलीय महामारी प्रबंधन, गोबरधन, महामारी स्वच्छता प्रबधन सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ग्राम स्तर पर निर्मित संरचनाओं को सुदृढ़ करते हुए ओडीएफ प्लस के कार्यों में 15वें वित्त की राशियों को व्यय कर संदर्भित योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर के संचालन एवं निरंतर उपयोगिता बनी रहे यह सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के बाद गांव स्तर पर उपलब्ध उक्त सुविधाओं के आधार पर 1, 3 एवं 5 स्टर देकर ग्राम स्तर पर ओडीएफ प्लस घोषित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में गांव स्तर पर छूटे हुए लाभूकों को चिन्हित करते हुए शौचालय निर्माण करने सहित यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि गांव में ठोस कचरा, एवं तरल कचरा नहीं दिखे तथा इस प्रबधन सुव्यवस्थित ढंग से हो।

**ओडीएफ प्लस के तहत इस आधार पर होगा गांव की रेटिंग्स**

गांव स्तर पर स्वच्छता आदि से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर रेटिंग्स दी जायेगी जिनमें सिंगल स्टार गांव के सभी घरों में क्रियाशील शौचालय की सुविधा हो, गांव के सभी स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत घर में कार्यात्मक शौचालय की सुविधा, जिसमें पुरूष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय सहित ठोस या फिर तरल कचरा प्रबंधन युक्त होने पर।

## नशा परिवार व समाज का कोढ़, उसे त्याग कर ही बन सकता है समृद्ध समाज : बासुदेव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार बुधवार को नशामुक्ति अभियान हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव गौरव खुराना के नेतृत्व में आयोजित किया गया। नशामुक्त विधिक जागरूकता अभियान पैनल लॉयर बासुदेव राणा, चौपारण पीएलवी हरेंद्र राणा, बरही पीएलवी पंकज कुमार के द्वारा कई गांवों में चला कर नशा करने से नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। पैनल लॉयर राणा ने कहा कि घर-परिवार एवं समाज मे अगर नशा करने वाले लोग होते हैं तो वैसे परिवार-समाज मे कई प्रकार की समस्या, कलह, द्वेष, लड़ाई झगड़े, मतभेद आते रहता है। जिससे परिवार हो या समाज का विकास में ग्रहण लगने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने नशा त्यागने के साथ घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण, डायन-भूत अधिनियम, पोक्सो कानून, बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा अधिकार अधिनियम, मोटर वेकल एक्ट और मानव तस्करी जैसे कानून के बारे में लोगों को बताया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया।

## प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व प्रशिक्षण केन्द्र मेरू कैम्प का 03 दिवसीय दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू :** टी0 नामग्याल (भा0पु0से0), सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर अपने 03 दिवसीय दौरे पर 26 जून को मेरू परिसर स्थित शान-ए-मगध में पहुंचे, जहां के0 एस0 बन्याल, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय नें उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजेश कुमार (एस0टी0एस0), राकेश रंजन लाल, (प्रशा0), डी0 के0 प्रमाणिक, (प्रशि0) व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पर्यावरण पार्क के अतंगर्त शोभा डैम, वृंदावन झील से जल संग्रह का जायजा लिया, वन्य प्राणियों की मनमोहक क्रिया व प्रकृति द्वारा प्रद्धत नैसर्गिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। तत्पश्चात अपर महानिदेशक को विशिष्ट प्रशिक्षण विद्यालय के पीटी समूह के अनुदेशको द्वारा 'फिजिकल ट्रेनिंग' व कमांडो समूह के अनुदेशकों द्वारा 'आर्टीफिशियल वॉल पर बिल्डिंग स्केलिंग तकनीक' का प्रदर्शन दिखाया गया। परिसर स्थित शान-ए-मगध में आगमन पर अपर महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। के0 एस0 बन्याल, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने अपर महानिदेशक का संस्थान में पदस्थापित अधिकारियों से परिचिय करवाया व उन्हे प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय तथा सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, हजारीबाग में चलने वाले प्रशिक्षण व बुनियादी ढांचे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अपर महानिदेशक ने प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र में वर्तमान समय में प्रशिक्षण, प्रशासनिक गतिविधियों तथा संस्थान में प्रशिक्षण से संबंधित आधारभूत सरंचना की समीक्षा की। अपर महानिदेशक ने परिसर स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके पश्चात अपर महानिदेशक ने सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण एरिया, एफ0ई0, बी0एस0एस0, एम0आर0 एरिया, रानी झांसी परेड ग्राउंड, डेल्टा गुल्म के लिविंग एरिया का दौरा कर प्रशिक्षण से जुड़े संसाधनो का जायजा लिया। इस दौरान अपर महानिदेशक को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के नव आरक्षको द्वारा सर्किट ट्रेनिंग, वैपन हैंडलिंग व मार्शल आर्ट (कलरयिपट्ट) का प्रदर्शन दिखाया गया। प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग एक अंतरराष्ट्रीय स्तर एवम् महत्व का आईएसओ '9001 रू 2015' (सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन आई. एस.ओ )9001:2015) प्रीमियर प्रशिक्षण संस्थान है।

## बड़े संघर्ष के बाद पति के बदले में नियोजन मिला पिंकी वर्मा को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद):** पति के बदले नियोजन की लड़ाई लड़ रही पिंकी वर्मा को आखिरकार गुरुवार को सफलता मिली। केओसीपी प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग दिया गया। प्रोविजनल जॉइनिंग मिलने से पिंकी वर्मा के परिजनों में खुशी की लहर है। बताते हैं कि पिंकी वर्मा के पति जितेंद्र कुमार सोनी बस्ताकोला क्षेत्र के केओसीपी एसबीए के पद पर कार्यरत थे। पाथरडीह स्थित घर से ड्यूटी आने के दौरान विगत 26 मई 2023 को सड़क दुर्घटना हो गई थी। जिनमें उनकी मौत सेंट्रल अस्पताल धनबाद में हो गई थी।27 मई 2023 को केओसीपी कार्यालय में प्रबंधन के साथ समझौता हुआ था कि सभी दस्तावेज जमा करने के बाद पत्नी पिंकी वर्मा को प्रोविजनल जॉइनिंग दिया जाएगा। कुछ माह बाद जब सभी दस्तावेज जमा किए जाने पर बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन प्रोविजनल ज्वाइनिंग देने में आनाकानी करने लगे तो पत्नी पिंकी वर्मा 19 जून 2024 से गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर क्रमिक भूख हड़ताल में बैठ गई। इसके बाद प्रबंधन रेस हुआ और आज 27 जून को प्रोविजनल जॉइनिंग प्रबंधन की ओर से दिया गया। इस अवसर पर केओसीपी परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप, कार्मिक प्रबंधक बीएल घोस के अलावे नेताओ मे तुलसी रवानी, हीरालाल गोराई, प्रभास सिंह, राजाराम पासवान भगवान प्रसाद नोनिया, काली पद रवानी आदि शामिल थे।

## प्रखंड के चार विद्यालयों को मिली माध्यमिक उत्क्रमण की स्वीकृति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय को झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उत्क्रमण की स्वीकृति मिली। विष्णुगढ़ प्रखंड में चार विद्यालय जैसे गाल्होबार, मड़मो, उचाघाना एवं भेलवारा मध्य विद्यालयों को माध्यमिक (उच्च) विद्यालयों में उत्क्रमण कि स्वीकृति हुई। जिससे गाल्होबार माध्यमिक (उच्च) विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रारंभ नामांकन प्रवेश हेतु विद्यार्थियों के बीच स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णुगढ़ पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, पंसस प्रतिनिधि लखन महतो, उपमुखिया इरफान अंसारी, पूर्व मुखिया डॉ० रीतलाल महतो, हरित लाल महतो, कुर्बान अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य राजू राम, कयूम अंसारी इत्यादि पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पुष्प गच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रदीप राम ने बताया है कि गाल्होबार राजकीय मध्य विद्यालय को उत्क्रमण किया गया, जिससे अब से विद्यालय में 9वीं और 10वीं की कक्षाएं प्रतिपादित किया गया। सत्र 2024-25 में 9वीं कक्षा में 149 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। पूर्वी जिप सदस्य सरजू पटेल ने कहा कि गांव में कोई माध्यमिक (उच्च) विद्यालय नहीं रहने के कारण उच्च शिक्षा पठन पाठन के लिए बहुत दिक्कत होती थी, उत्क्रमण के बाद अब कोई दिक्कत नहीं होगी। बच्चों को कहीं दूसरे विद्यालय नहीं जाना पड़ेगा। इस विद्यालय को उत्क्रमण कराने की मांग को लेकर पंचायत के विभिन्न जनप्रतिनिधियों की काफी सराहनीय भूमिका रही है। विद्यालयों के उत्क्रमण होने पर छात्राएं सहित अभिभावकों में काफी खुशी देखी गई, साथ ही सरकार का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : खुराना

**हजारीबाग :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातें डालसा सचिव गौरव खुराना ने अपने कक्ष में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि 24-28 जुन तक स्पेषल ड्राईव न्याय सदन में चलाया जा रहा है। इस दौरान कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित 20 वादों का निष्पादन किया गया है। साथ ही कई मामलों में सराहणीय पहल चल रहा है। सकारात्मक परिणाम आने कि पूरी सम्भावना है। उन्होंने आगे बताया कि 29 जुन को विषेष लोक अदालत का आयोजन किा जायेगा। इस लोक अदालत में भूमि व राजस्व संबंधित विवादों का निष्पादन किया जायेगा।

## 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ गुरुवार को कर्जन ग्राउंड स्टेडियम हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग प्रवीण रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा एवं जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल का विधिवत शुरूआत किया। मंच का संचालन संजय तिवारी ने किया। इस प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडो से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष तथा बालक/ बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।खेल का आयोजन कर्जन ग्राउंड हजारीबाग एवं न्यू स्टेडियम हजारीबाग में किया जा रहा है। कर्जन ग्राउंड में खेल का शुभारंभ कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच हुआ जिसमे विष्णुगढ़ 0-1 गोल से विजयी रहा। तत्पश्चात टाटीझरिया एवं दारू में दारू 0-4 से, बरही एवं इचाक में इचाक 0 -1 से, पदमा और चौपारन का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें चौपारण 3 -5 से विजयी रहा। न्यू स्टेडियम हजारीबाग में बड़कागांव एवं केरेडारी में केरेडारी पेनाल्टी शूट आउट द्वारा 2-3 से , कटकमडाग एवं चुरचू में चुरचू 0-3 से विजयी रहा, डाडी एवं बरकठा में बरकठा टीम की अनुपस्थिति के कारण डाडी को बाई देकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया, चालकुशा एवं सदर में सदर 0-3 से विजयी रहा। क्वार्टर फाइनल राउंड में केरेडारी एवं चुरचू में पेनाल्टी शूटआउट में चुरचू में 1-2 से, डाडी एवं सदर में सदर पेनाल्टी शूटआउट द्वारा 2-4 से, इचाक एवं बिष्णुगढ में इचाक 0 -1 गोल से विजयी रहा।

# भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हत्यारी में किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

जनसेवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड के मोरांगी पंचायत के हत्यारी गांव में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पहले से गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी लोगों ने एक दिन पूर्व दी थी। इसके बाद विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफर लगवाने का पहल किया। समस्या को देखते हुए तत्काल 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को दिया इस क्षेत्र में अधिकतर किसान वर्ग के लोग रहते हैं ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। श्री प्रसाद नें कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अंधेरे में रात बिताना नहीं पड़ेगा। वही इस भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा की जनसेवा हमारा कर्तव्य है लोगों के बीच सदैव रहा हूं जो भी समस्या होगा उसका निदान करनें का प्रयास करूँगा। मौके पर चौधरी प्रसाद साहू, रवि लक्डा, भुनेश्वर लिण्डा, जगदेव लक्डा, जितेन्द्र लक्डा, पच्चू राम, जितन उराँव, अंगद कच्छप, जयपाल उराँव, ऐशवा उराँव, राजेंद्र मिंज, उमेश उराँव, किशोर कुमार, कृष्णा साहू, पिंटू कुमार साहू, भोला कुमार महतो सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थें।



## पड़ीरमा में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पड़ीरमा में बीते दिनों ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सुचना ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को दी। सूचना पाते हैं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बिजली समस्या के निदान के लिए विभाग से संपर्क किया। पूर्व विधायक के सौजन्य से पड़ीरमा में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा लगाया गया। इस दौरान 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर पाकर ग्रामीणों में काफी खुश और उत्साहित नजर आये। वहीं ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा फीताकाट कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का जिंदाबाद का नारा लगा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र मेरे परिवार के तरह है। हर छोटे बड़े समस्या को निबटारा करना मेरा राज धर्म है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बतायें। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। उन्हें उन्होंने ग्रामीणों से बिजली का बेहतर सदुपयोग करने का अपील भी किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, युवा भाजपा नेता सुधीर यादव, भीम यादव, रितेश गुप्ता, रोहित यादव, हरेंद्र यादव, नितीश यादव सिकंदर यादव, लोकेश यादव, शम्भू यादव, रंजीत यादव, रविंद्र यादव विजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, मास्टर साहब, इन्दर देव यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## एक झलक

### अवैध खनन स्थलों पर पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**निरसा (धनबाद):** निरसा के फटका जंगल, जीरो सिम व शमशान काली मंदिर खुदिया नदी के विपरीत अवैध उत्खनन की सूचना पर गुरुवार को निरसा पुलिस, सीआईएसएफ व ईसीएल सिक्योरिटी टीम ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार कर रहे थे। जांच के दौरान थाना प्रभारी ने ईसीएल के परित्तक्त जंगलों में आठ अवैध उत्खनन स्थल को दिखा। सीआईएसएफ व ईसीएल सिक्योरिटी टीम के सहयोग से अवैध मुहाने की जांच कर करवाई की गई। साथी ही प्रबंधन के सहयोग से सभी आठ अवैध उत्खनन स्थलों की भराई करवाई गई। निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार को मिले गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई हुई।

### बिरसा पुल के समकक्ष नये पुल के निर्माण को लेकर पहल तेज

**झरिया (धनबाद):** विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने एन एच 218 में दामोदर नदी पर बिरसा पुल के समकक्ष नए पुल के निर्माण तथा भौरा आर ओ बी निर्माण के लिए पथ निर्माण सचिव और एन एच के क्षेत्रीय पदाधिकारी को अनुशंसा भेजा है। इस संबंध में विधायक ने गत वर्ष शीतकालीन सत्र के बिरसा पुल की जर्जर अवस्था की जानकारी विभागीय मंत्री को दी थी। जिसके जवाब में नए पुल की स्वीकृति मिलने की बात कही गई थी। वर्तमान में विधायक के प्रश्नोप्रांत बिरसा पुल का जीणोर्धार कार्य प्रगति पर है। नए पुल के निर्माण की अग्रेतर करवाई जल्द शुरू करवाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर विधायक ने सचिव को पत्राचार कर आवश्यक पहल की है।

### बीसीसीएल के डीपी एवं जीएमपी के पुतला दहन का निर्णय

**बाघमारा (धनबाद) :** बिहार जनता खान मजदूर संघ बरोरा क्षेत्र संख्या-1 के मनोनीत पदाधिकारियों को क्षेत्रीय सलाहकार समिति, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति एवं क्षेत्रीय कल्याण समिति के बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने से कार्यकर्ता नाराज हैं। नाराज कार्यकर्ताओं ने निदेशक कार्मिक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, एवं महाप्रबंधक का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार ने निदेशक कार्मिक, धनबाद को पत्र लिखा है।

### मारवाड़ी युवा मंच झरिया ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**झरिया (धनबाद) :** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता हेतु गुरुवार को रक्त चाप, मधुमेह व वजन जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 78 लोग लाभान्वित हुए। डी क्लब में रक्त चाप, शुगर, वजन व ब्लड प्रेशर का जांच किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृ सदन झरिया, श्री अग्रवाल धर्मशाला, कार्यक्रम संरक्षक शश संजय दारूका, कार्यक्रम संयोजक अमित मोदी, शाखा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, शाखा सचिव राजेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गणेश अग्रवाल, आशीष भुसानिया, राहुल अग्रवाल , रूपेश कारिवाल, गौतम अग्रवाल, सुमित खेतान, मातृ सदन के पैथॉलजी डिपार्टमेंट के अखलाक अहमद एवं नेपाल मोदक जी की अहम योगदान रहा।

### दो वर्षों से बंद सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल को पुन: शुरू करने को लेकर बैठक

**पाथरडीह (धनबाद) :** नुनुडीह लाल बंगला स्थित आरएसएस द्वारा संचालित पिछले दो वर्षों से बंद सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल को पुन: चालू करने को लेकर कवायत तेज हो गई है। स्कूल प्रांगण में स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें बंद सरस्वती शिशु मंदिर का पुनरुद्धार करने पर जोर दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी सत्यनारायण पंडित ने कहा कि पूर्व में आरएसएस जैसे आदर्श संगठन द्वारा संचालित इस विद्यालय का अव्यवस्था और इसके दुर्दशा काफी चिंतनीय विषय है। इस विद्यालय के पूर्व समिति को रद्द कर स्थानीय गणमान्य लोगों की नई समिति बनाकर विद्यालय को संचालित किया जायेगा।

# अवैध खनन को रोकने व खनन को सुचारु रूप से चलाने के लिए डीएसआर तैयार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार 27 जून को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में अवैध खनन को रोकने और खनन को सुचारू रूप से चलाने के लिए लघु खनिजों (बालू छोड़कर) जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) को लेकर सब डिवीजन स्तरीय कमेटी की बैठक की गयी।



इस दौरान खनन विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से तैयार किये गए डीएसआर को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन को रोकने और खनन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) तैयार की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्धारित नियमों, मानदंडों को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट तैयार की जाए। जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को लेकर गठित की सब डिवीजन स्तरीय कमेटी के इस बैठक में बताया गया कि जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने के लिए संभावित सभी साइटों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया है। इन संभावित साइटों का रूट प्लान तैयार किया गया है। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, जिला भुतात्विक कार्यालय, झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण के पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 38 आवेदकों को मिली स्वीकृति

**धनबाद :** गुरुवार 27 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की गई।

बैठक में अधिनियम के तहत आये 38 आवेदनों की समीक्षा की गई। प्राप्त 38 आवेदनों में सभी आवेदनों को राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। समिति ने निर्णय लिया कि जिनके दस्तावेज पूरे नही है उनके दस्तावेज प्राप्त कर राशि की भुगतान की जायेगी।

बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, डीएसपी मुख्यालय-1 श्री शंकर कामती, बीडीओ तोपचांची, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, गैर सरकारी सदस्य समेत अन्य मौजूद रहें।

## उपायुक्त ने किया बेलगड़िया टाउनशिप का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुरुवार 27 जून को जेआरडीए के अधिकारियों के साथ झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापितों के लिए बनाए गए बेलगड़िया टाउनशिप और वहां रह रहे विस्थापितों के लिए बनाए गए आवास का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जेआरडीए के महाप्रबंधक द्वारा जेआरडीए की एसओपी, शिफ्टिंग की अद्यतन स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर की अद्यतन स्थिति, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर की अद्यतन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा इससे संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द शिफ्टिंग एवं विकास से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर महाप्रबंधक जेआरडीए देवेन्द्र माहापात्रा समेत जेआरडीए के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन विभाग में एआर/ वीआर विषय पर विशेषज्ञ वार्ता

आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन अभियंत्रण विभाग मे अगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। एआरके इंफोसोल्यूशन्स, बेंगलूरु के विशेषज्ञ जे विस्वेस्वरण ने कहा कि एआर वास्तविक दुनिया की सेटिंग का उपयोग करता है जबकि वीआर पूरी तरह आभासी है, एआर उपयोगकर्ता वास्तविक दुनिया में अपनी उपस्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं, वीआर उपयोगकताओं को सिस्टम द्वारा नियंत्रित किया जाता है, वीआर के लिए हैं डसेट डिवाइस की आवश्यकता होती है, लेकिन एआर को स्मार्टफोन से एक्सेस किया जा सकता है।



उन्होने कहा कि एआर आभासी और वास्तविक दुनिया दोनो को बढाता है जबकि वीआर केवल काल्पनिक वास्तविकता को बढाता है। उन्होने भविष्य में एआर, वीआर

प्रारंभ में निदेशक डॉ पंकज राय और एचओडी प्रो एमजी तिवारी ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का आयोजन और प्रबंधन समन्वयक डॉ. अमर प्रकाश सिंहा एवं डॉ प्रवीन कुमार साहू द्वारा किया गया। एक्सपर्ट टाक में बीआईटी सिंदरी, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू, जीजीएसआईटीसी बोकारो अभियंत्रण कालेज के प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एस एंड एस इंटरप्राइजेज धनबाद के द्वारा किया गया। डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 30 ठेका मजदूरों को काम पर रखने और वेतन भुगतान वार्ता पर बनी सहमति

**पाथरडीह (धनबाद) :** बीसीसीएल के ईजे एरिया अंतर्गत सुदामडीह 5 नम्बर रेलवे साइडिंग के पीकिंग ब्रेकिंग के 30 ठेका मजदूरों को काम से हटाए जाने को लेकर मजदूरों का गुस्सा भड़का गया। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने गुरुवार को कोयला ट्रांसपोर्टिंग व रैक लोडिंग का चक्का जाम कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी की। बंदी के 4 घंटे बाद ईजे एरिया महाप्रबंधक के पहल पर प्रबंधक बिक्रय एवं यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई। जिसमें काम से हटाए गए 30 ठेका मजदूरों को पूर्व की तरह काम पर रखने एवं वेतन भुगतान करने पर सहमति बनी। जिसके बाद रेलवे रैक लोडिंग व ट्रांसपोर्टिंग का कार्य शुरू हो गया।

# कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केंदुआ (धनबाद):** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर झरिया जामाडोबा स्थित कार्यालय में केंदुआ-करकेंद्र नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान एवं उपाध्यक्ष अनू पासवान के द्वारा अनुपमा सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं श्रीमती सिंह ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा की धनबाद की लोकसभा चुनाव में सभी का प्यार दुलार जो हमको मिला है इसी लिए में धनबाद में ही रह कर गरीब, असहाय, मजदूरों लोगो के लिए हक और अधिकार की लड़ाई लड़ कर उनका अधिकार दिलाने का काम करुंगी। मौके पर मनोवर हुसैन, विजय पासवान, मृत्युंजय सिंह, इम्तियाज अली, कयूम खान, गुड्डु खान, रवि चौबे, चांद खान आदि गंयमान लोग मौजूद रहे।

# खुशहाल नौनिहाल, तो बेमिसाल बनेगा समाज : रूचि कुजूर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार 27 जून को झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार की दो सदस्य श्रीमती आभा वीरेंद्र अकिंचन और सुश्री रूचि कुजूर ने धनबाद जिला का दौरा किया।

सर्वप्रथम परिसदन में सदस्य श्रीमती आभा वीरेंद्र अकिंचन और सुश्री रूचि कुजूर की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें पिछले दिनों घटित घटना नाबालिक गैंग रेप, नाबालिक शारीरिक यातना, साथ मे लापता बच्चे से सम्बंधित केस के निपटारा, बाल नशा के रोकथाम, नशीली पदार्थो के बिक्री के मानको का पालन,शराब दुकान में नाबालिक का रोकथाम, नशापान के हानि उसके लिए जागरूकता अभियान में तेजी के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित जिला स्कूल धनबाद जिला स्तरीय टी एल एम मेला में स्टाल का विजिट किया। जिसमें पूर्वी टुंडी, बाघमारा, निरसा, गिविंदपुर, बलियापुर, झरिया के प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा आकर्षक तरीके से वेस्ट मटेरियल को प्रयोग करते हुए पढ़ाई मटेरियल बनाया था, जिसमे बच्चे रूचि पूर्वक ध्यान दें रहें थे। बाल सुधार गृह सरायढेला जा कर सदस्य ने पीड़िता से मिल कर उनसे जानकारी प्राप्त किया। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, सदस्य सी डब्लू सी श्रीमती ममता अरोरा, डीएसपी (लॉ एंड आर्डर) दीपक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## नोएडा की दो सदस्यीय टीम ने माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सदस्यों के साथ डॉमेस्टिकेशन किया प्रस्तुत

**झरिया (धनबाद) :** गुरुवार को नोएडा की सुरक्षा उपकरण निर्माण कंपनी के दो सदस्यीय दल ने माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सदस्यों के साथ विक्ट्री कोलियरी चानक के समीप डॉमेस्टिकेशन प्रस्तुत किया। डेमोंसट्रेशन में कंपनी द्वारा निर्मित लिफ्ट रेस्क्यू सिस्टम के साथ किसी गहरी खदान में बचाव कार्य करने के तरीके को दिखाया। इस दौरान कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि इस सिस्टम में लगे सुरक्षा रस्सी करीब 2300 फोर्स बल को आसानी से झेल जाती है। इस रस्सी एवं उपकरण के सहारे कोई भी बचाव कार्य में कर्मचारी रस्सी के सहारे घर खदान में उतरकर घायल साथी को अपने साथ ऊपर सुरक्षित स्थान पर वापस ला सकती है।

# सैकड़ों युवाओं ने जनता श्रमिक संघ का थामा दामन

- मजदूरों पर किसी तरह कोई भी परेशानी हुई, तो जश्रसं बर्दाश्त नहीं करेगा : रागिनी सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** रागिनी सिंह के प्रति आस्था और विश्वास के साथ बागडिगी कोलियरी के मुंद्रिका पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों युवाओं ने जनता श्रमिक संघ का दामन थामा। रागिनी सिंह ने इस अवसर पर सभी युवाओं को मिठाई और माला पहना कर जश्रसं में स्वागत किया। जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह ने मुंद्रिका पासवान को माला और हस्ताक्षरिक पत्र देकर जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव पद पर मनोनित किया। इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि मजदूरों के हक कि लड़ाई हमेशा लड़ते आई हूं,



आगे भी मजदूरों के अधिकार की लड़ाई लड़ती रहूंगी। जिस तरह हमारे ससुर स्व. सूर्यदेव सिंह जीवित रहते उन्होंने मजदूरों की हक की लड़ाई ईमानदारी और सच्चाई से लड़ते थे। मैं भी मजदूरों की हक की लड़ाई पूरी निष्ठा के साथ उनकी आवाज बनकर लड़ रही हु लड़ती रहूंगी। जिस तरह युवाओ ने जश्रसं पर आस्था और विश्वास जताया है उसके अनुरूप उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

मजदूरों पर किसी तरह कोई भी परेशानी हुई तो जनता श्रमिक संघ बर्दास्त नहीं करेगी। इस मौके पर मुंद्रिका पासवान ने कहा कि जिस तरह स्वः सूर्यदेव सिंह मजदूर हित में हमेशा लड़ते रहे है, उन्होंने अपने कार्य सेवा भाव और मजदूरों तथा झरिया वासियों की सेवा से लोगों के दिलों में मजदूर मसीहा के नाम से जगह बनायी थी आज भी इनके विरासत को जनता श्रमिक संघ के महामंत्री रागिनी सिंह संभाल रही हैं। और हमेशा मजदूर हित में लड़ाई लड़ती है। इसी विश्वास के साथ जनता श्रमिक संघ का दामन थामा हूं।

# परियोजना विस्तार को लेकर जमसं कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद):** लोदना क्षेत्र के नॉर्थ, साउथ तीसरा परियोजना में विस्तारीकरण की मांग को लेकर गुरुवार को परियोजना कार्यालय पर जमसं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मांग पत्र सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्रीय नेता अनिल सिंह एवं नॉर्थ तीसरा शाखा सचिव रितेश निषाद ने किया। इस दौरान अनिल सिंह एवं रितेश निषाद में संयुक्त रूप से बताया कि प्रबंधन की मंशा सही नहीं है। अभी तक परियोजना विस्तारीकरण के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके पूर्व 41 दिन तक कार्यकताओं ने धरना दिया । उस समय बीसीसीएल के उच्च प्रबंधन से वार्ता हुई थी कि डिपार्टमेंटल परियोजना बंद नहीं होने देंगे ।10 वर्षों तक किसी भी मजदूर को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा, लेकिन आज हालात उल्टा है। परियोजना में जो मशीन है जगह के अभाव में खड़ी है। मात्र तीन होल पैक और एक सवेल मशीन ही चल रही है। प्रबंधन का मनसा केवल आउटसोर्सिंग चलाने की है इसके अलावा वैकेंसी जो रिक्त है उसे पर प्रमोशन नहीं हो रहा है। रेगुलराइजेशन भी नहीं किया जा रहा है। आज केवल चेतावनी है आने वाले दिन में जोरदार आंदोलन होगा। बाद में परियोजना पदाधिकारी एसके सिन्हा से वार्ता के दौरान कई मांगों पर सहमति बनी। मौके पर संतोष मिश्रा उमेश सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, केल्विन तिर्की चौधरी चरण महतो, राजीव झा भोला यादव, शिव कुमार, वीर बहादुर, प्रदीप दे, सतन वासफोर, उदय पासवान किरण कुमार पासवान, आदि थे।

## वाटर सप्लाई पाइप में वॉल्ब लगाने का हुआ विरोध

**बाघमारा (धनबाद):** छाताबाद 4 नम्बर एवं 10 नंबर कॉलोनी के ग्रामीण पानी को लेकर कई दिनों से जल संकट से जूझ रहे हैं। हालांकि झमाडा की ओर से पुराने क्षतिग्रस्त पाइप को हटाकर नया पाइप लगाया जा रहा है एवं जिन पाइपों में मरम्मत की आवश्यकता है उसका मरम्मत भी किया जा रहा हैं, लेकिन इसी क्रम में झमाडा कर्मियों की ओर से कुछ जगहों पर वाल्व लगाया जा रहा था, जिसका ग्रामीणों ने मोहम्मद शहाबुद्दीन के नेतृत्व में विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि वाल्व लग जाने से पानी का प्रेशर कम हो जायेगा। ऐसे ही अभी पानी का प्रेशर बहुत काम आता है। विरोध की जानकारी मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची एवं लोगों को समझा बूझकर शांत किया। झमाडा एसडीओ ने फोन पर बताया कि बहुत पहले ग्रामीणों ने वॉल्व लगाने की मांग की थी कि वाल्व लगाया जाये।

# रैयतों के मुआवजे को लेकर पथ निर्माण विभाग के सचिव से मिलीं विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन रांची में पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से मिली।

मुलाकात के क्रम में विधायक ने महुदा, सिंदरी, जमाडोबा पथ के चौड़ीकरण परियोजना से झरिया अंचल क्षेत्र के विभिन्न मौजा से संबंधित प्रभावित 33 रैयतो को भूमि के अधिग्रहण के एवज में जल्द मुआवजा भुगतान करवाने की मांग की।

जिसपर पथ निर्माण सचिव ने दूरभाष पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को जल्द मुआवजा भुगतान के लिए निर्देशित किया।

इसके साथ ही दामोदर नदी पर बिरसा पुल के समकक्ष नए पुल के निर्माण तथा भौरा आरओबी निर्माण के लिए विधायक ने शीघ्र करवाई हेतु सचिव को आवश्यक कारवाई की बात कही। सचिव श्री सुनील कुमार ने माननीय विधायक को साकारात्मक पहल का भरोसा दिया।

## पूर्णिमा नीरज सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी को दी बधाई

**धनबाद :** झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने रांची में गुरुवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की तथा गुलदस्ता भेट कर गांडेय उपचुनाव में जीत की बधाई दी।



# यूनियन की मांगें पूरी हुए बिना पीछे नहीं हटेंगे : शिव गोपाल मिश्रा

बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के 33वीं केन्द्रीय परिषद समिति की बैठक गुरुवार को रेलवे ऑडिटोरियम धनबाद में शुरू हुई। गुरुवार सुबह सियालदाह राजधानी एक्सप्रेस से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा तथा पटना से विशेष कोच से ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पांडे एवं महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के धनबाद स्टेशन पहुंचने पर अपर महामंत्री मो. ज्याऊद्दीन के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने पुष्पहारों और जोरदार इंकलाबी नारों के साथ स्वागत किया। आडिटोरियम प्रांगण पहुंच कर यूनियन के झंडे को अध्यक्ष द्वारा फहराया गया। इसके बाद सभी द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागार में कॉम. शिव गोपाल मिश्रा सहित ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा पंचदीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गई। इस दौरान ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि बैठक की अध्यक्षता डीके पांडे तथा मंच संचालन मो.



ज्याऊद्दीन ने किया, जिसमें उनका सहयोग सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने किया। केन्द्रीय पदाधिकारियों के स्वागत के पश्चात पिछले दिनों मृत साथियों और विभिन्न घटनाओं में असमय काल कवलित हुए रेलकर्मियों और नागरिकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। फिर सुमन गिरी तथा सोमा द्वारा स्वागत गान एवं देशभक्ति गीत गान से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभा में महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें वर्तमान समय में राजनीतिक परिदृश्य और रेलकर्मियों के विभिन्न मांगों पर चल रहे आंदोलन की अद्यतन जानकारी रखी।

एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने बैठक में अपनी बात रखते हुए रेलकर्मियों के लिए पुराने पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन,रेलवे आवासों के मरम्मती, सहित कई मांगों पर विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलकर्मियों की मांगों को पूरा किए बिना किसी भी कीमत पर हम पीछे नहीं हटेंगे। हमारा आंदोलन चलता रहेगा, जबतक कि सरकार पुराने पेंशन बहाली की मांग को स्वीकार नहीं कर लेती। पेंशन मामले पर यदि केन्द्र सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो इसबार आरपार की लड़ाई होगी। उन्होंने यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले आगामी चुनाव की तैयारी में भिड़ जाने का आह्वान किया।

ईसीआरकेयू के जोनल स्तर पर सम्पन्न हुए इस बैठक में अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, संगठन मंत्री सौमेन दत्ता, नेताजी सुभाष तथा शाखा प्रतिनिधियों में सुनील कुमार सिंह, आर एन चौधरी, आईएम सिंह, बीके साव, बसंत दूबे, एनके खवास,आरके सिंह, पीके सिन्हा, एके तिवारी, बीबी सिंह, चंदन शुक्ल, जेके साव,महेन्द्र प्रसाद महतो, एके विश्वकर्मा, विश्वजीत, राजीव, शिवजी, प्रभाकर,शंभु, परशुराम, एम के मुकेश, जफर आलम, कौशल, सुबोध, एसके पाल, मो शबीर, राजकुमार, अमित कुमार, परमेश्वर, पवन, भानु, अमरजीत, अजय, प्रशांत, विमान मंडल,सीएस प्रसाद, रूचि कुमारी, सुजाता देवी, सुदर्शन, नागेन्द्र, रीतलाल गोप, एस चक्रवर्ती, अजीमुद्दीन, सुरेन्द्र, अजय सिन्हा, इजहार, श्वेता, दीपा कुमारी, अजय सिंह, एके दास, इस्लाम, प्रभाकर, रणजीत, प्रदीप्तो सहित सैंकड़ों रेलकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सम्पादकीय.....

# आसान नहीं होगी राह

**अंततः**, 10 वर्षों के उपरान्त अपने देश को विपक्ष का नेता मिल ही गया। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सांसद राहुल गांधी को यह दायित्व मिला है। 2014 और 2019 ; दोनों ही चुनावों में जनता ने अपने वोटों के माध्यम से केन्द्र में पूर्ण बहुमत वाली सरकार तो बनायी, लेकिन विपक्ष की किसी पार्टी को इतनी सीटें भी नहीं दीं कि लोकसभा में उसे मुख्य विपक्षी दल की मान्यता मिल सके। वक्त बीता और 2024 के आम चुनावों की दस्तक हो गयी। लेकिन, इस बार जनता का मिजाज बदला दिखा। विगत दो चुनावों में अपने बूते पूर्ण बहुमत प्राप्त करनेवाली भाजपा से वह नाराज दिखी। उसने उसे बहुमत के अंक से 32 सीटें पीछे ही रोक दिया। महज 240 सीटों पर ही वह सिमट गयी। हालांकि, घटक दलों (एनडीए) के संख्या बल के जरिये उसने केन्द्र में सरकार बनाने में सफलता पा ली। वैसे, जनता ने यदि भाजपा और एनडीए को उनके दम्भ का आईना दिखलाया, तो कांग्रेस और इंडिया के प्रति भी एक हद तक ही मेहरबानी दिखलायी। कांग्रेस को जहां उसने 99 सीटें दीं, वहीं इंडिया को 234 सीटों पर ही रोक दिया। इस कारण इंडिया गठबंधन बहुमत प्राप्त करने के अंक से 38 सीटें पीछे ही रह गया। लेकिन, 2024 के चुनावों में अच्छी बात यह हुई कि देश को मजबूत विपक्ष मिल गया। कांग्रेस पार्टी को विपक्षी दल की मान्यता मिल गयी। उसके नेता राहुल गांधी विपक्ष के नेता चुन लिये गये। इन सभी प्रक्रियाओं के बीच जो सबसे अच्छी बात सामने आयी, वह यह कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट दिखा। दरअसल, संसदीय राजनीति के लिए यह एक सुन्दर स्थिति है। जनता ने विपक्ष को जो दायित्व सौंपा है, उसका भी अपना एक संदेश है, जिसे समझने की आवश्यकता है। विपक्ष हर मामले में केवल सत्ता पक्ष का विरोध करे, यह भी ठीक नहीं। यदि सरकार अच्छा काम करे, तो विपक्ष को उसका साथ देना पड़ेगा। बात यदि देश की आन-बान-शान पर आ जाये, तो उसे सरकार के साथ खड़ा होना ही पड़ेगा। तात्पर्य यह कि विपक्ष हमेशा देशहित में खड़ा रहे...जनता के मुद्दों के साथ खड़ा रहे...सदन में वह सिर्फ बस सिर्फ जनता के मुद्दे उठाये। अब सत्तारूढ़ पक्ष के साथ विपक्ष पर भी जवाबदेही उतनी ही है। अब आते हैं कांग्रेस पार्टी पर, तो पिछले दो संसदीय चुनावों में उसकी जिस तरह की दुर्गति हुई थी, उस दृष्टि से 2024 के चुनाव परिणाम से उसका गदगद होना स्वाभाविक है। परिणामों के सामने आने के साथ ही कांग्रेस के भीतर यह मांग मुखर होने लगी कि राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष का पद सम्भालना चाहिए। वैसे भी पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद सम्भालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के समक्ष दोतरफा चुनौती होगी। पहली यह कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हैं और दूसरी यह कि रचनात्मक विरोध की भूमिका का कितनी कुशलता के साथ निर्वहन करते हैं। राहुल भली-भांति जानते हैं कि कई प्रमुख समितियों और महत्त्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है नेता प्रतिपक्ष। नेता प्रतिपक्ष सरकार के प्रधानमंत्री की परछाई की भांति उसके हर काम पर नजर रखनेवाला होता है। चुनावों के दौरान अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की कमान हाथ में लेकर नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी एक-दूसरे के प्रति खूब हमलावर रहे। लेकिन, अब उन बातों को पीछे छोड़ने का समय आ गया है। दोनों ही नेताओं को आपस में बेहतर तालमेल बना कर चलना होगा। कई ऐसे अवसर आयेंगे, जब सरकार और विपक्ष; दोनों की सहमति आवश्यक होगी। देश यही चाहेगा कि उन स्थितियों में निर्णय राजनैतिक मतभेदों से अलग हट कर लिया जाये। बहरहाल, अब राहुल गांधी केवल कांग्रेस ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन सभी दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो सम्पन्न चुनावों में सरकार के खिलाफ समर में उतरे थे। कहना गलत नहीं होगा कि राहुल के समक्ष चुनौती कड़ी होगी। राह आसान तो बिलकुल नहीं है। पूरे धैर्य के साथ उन्हें सत्ता पक्ष को सुनना भी होगा और साधना भी। अपने सहयोगी विपक्षी दलों की भूमिका को भी प्रभावी तरीके से महत्त्व देना होगा।

## किसने क्या कहा



नीतियों का विरोध करना और संसद की कार्यवाही को बाधित करना दो अलग-अलग बातें

**द्रौपदी मुर्मू**
**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति का संसद के दोनों सदनों को सम्बोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप



**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

# पेपर लीक, सिस्टम वीक, सर्जरी जरूरी

विशेष | **डॉ. रमेश शर्मा**

> शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं। इनके प्रशिक्षण और अनुभव को वरीयता दी जाती है या दी जानी चाहिए। ऐसे सक्षम विशेषज्ञों का यदि पैनल बना हो, तो सुविधाजनक रहता है। वर्तमान स्कैंडल में ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया के सभी चरणों में लापरवाही जाने-अनजाने की गयी है। परीक्षा का केन्द्र कहां होगा ड्यूटी देनेवाले निरीक्षक कौन होंगे, पेपर कहां रखे जायेंगे, परिवहन व्यवस्था क्या होगी, काम करने वाले कैमरे, समय पर पेपर एकत्रित करना और तुरंत वापस करने के लिए सीलबंद करना। ये काम नहीं हुआ, तो एजेंसी की आउटसोर्स की सारी प्रणाली में छिद्र हैं, फिर एनटीए परीक्षा की जिम्मेवारी क्यों ले रही है अथवा उसे यह जिम्मेवारी क्यों दी गयी।

**पेपर** लीक स्कैंडल ने देश की आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया है। यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। देश में बहुत बड़ा वर्ग बिकाऊ है। कीमत दो और खरीद लो। फिर वह पेपर हो पद या प्रतिष्ठा। ऐसे स्कैंडल इस ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं कि प्रतिभा, मेरिट, पारदर्शिता, ईमानदारी तो पुस्तकों के विषय तक सिमट कर रह गए हैं लेकिन दूसरी तरफ चिंता इस बात की है कि साधारण और सरल व्यावहारिक दूरदर्शिता का प्रशासनिक व्यवस्था में इतना अकाल कभी देखा नहीं गया है। तरह-तरह के शिक्षा माफिया सक्रिय रहते हैं, नकल माफिया, पेपर लीक और सॉलवर गैंग, स्टाफ की मिलीभगत आदि परंतु ये तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक सिस्टम में विद्यमान तत्व सहयोग न करें। सर्वविदित तथ्य है कि अध्यापक चाहेगा तो केंद्र में नकल होगी और यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी। तकनीक में अनेक प्रकार के आयाम जुड़ने के कारण एआई जैसी टेक्नोलाजी के आने से चुनौतियां और बढ़ गई हैं तो मूल्यांकन भी जटिल हो गया है। सोशल साइट्स ने जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है और एक प्रभावी उपकरण बन चुका है। सूचना का आदान-प्रदान क्षणों में संभव है। सभी तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद ऐसी परीक्षाओं को साधारण औपचारिकता के तौर पर कंडक्ट करवाया जाए और माफिया आराम से ऑपरेट करते रहें तो हाहाकार होनी तो स्वाभाविक है। केवल परीक्षार्थी ही मानसिक तनाव का शिकार हो ऐसा नहीं होता। उसके अभिभावकों सहित अनेक लोगों पर इन हाई प्रोफाइल प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ता है जिनमें कोचिंग संस्थान भी शामिल होते हैं। अपार धन का अनियंत्रित बिजनेस है। समिति गठन की जितनी अहमियत अब दी जा रही है, काश एनटीए गठन के समय यह परिश्रम कर लिया जाता और कंडक्ट को सीबीएसई से पूरी तैयारी के बाद ही वापस लिया जाता तो इस विभीषिका से बचा जा सकता था। निश्चित तौर पर सरकार की कारगुजारी पर धब्बा लगा है और सिस्टम पर विश्वास बहाली उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं। इन के प्रशिक्षण और अनुभव को वरीयता दी जाती है या दी जानी चाहिए। ऐसे सक्षम विशेषज्ञों का यदि पैनल बना हो तो सुविधाजनक रहता है। वर्तमान स्कैंडल में ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया के सभी चरणों में लापरवाही जाने अनजाने की गई है। परीक्षा का केंद्र कहां होगा ड्यूटी देने वाले निरीक्षक कौन होंगे, पेपर कहां रखे जाएंगे, परिवहन व्यवस्था क्या होगी, काम करने वाले कैमरे, समय पर पेपर एकत्रित करना और तुरंत बापस करने के लिए सीलबंद करना। ये काम नहीं हुआ तो एजेंसी की आउटसोर्स की सारी प्रणाली में छिद्र हैं फिर एनटीए परीक्षा की जिम्मेवारी क्यों ले रही है अथवा उसे यह जिम्मेवारी क्यों दी गई। आनन-फानन में संवेदनशील राष्ट्रीय परीक्षा का आयोजन हुआ है।




ऐसा पहली बार हुआ हो यह सत्य नहीं है लेकिन यह अंतिम बार हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यही सरकार का कर्तव्य है और इसके लिए युवा प्रतिभा के साथ न्याय हो जिस से सही आदमी सही स्थान पर पहुंच कर देश सेवा कर सके। इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने के स्थान पर राज्यों को सीट आवंटन किया जा सकता है और केंद्र अपने कोटे की परीक्षा सीमित दायरे में करवा सकता है। आयोजन करने वाली मशीनरी तो स्थानीय ही होती है प्रतियोगिता चाहे जो भी हो। उत्तर प्रदेश जैसा सख्त कानून तो बनना ही चाहिए लेकिन वही काफी होगा यह समय बतायेगा। सारे सिस्टम की मेजर सर्जरी आवश्यक है।

# इक सुन्दर सपना आखिर टूट ही गया

गौरतलब | **राकेश अचल**

> एक जमाने में सबसे मजबूत विचार देनेवाले वामपंथी भी आज हाशिये पर हैं। वे कांग्रेस की तरह उठ खड़े होने में कामयाब नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने आज भी अपना रास्ता नहीं छोड़ा और वे आज भी साम्प्रदायिकता के खिलाफ हर लड़ाई में बराबर से खड़े नजर आते हैं। सवाल यह है कि अब जब कांग्रेस पहले से दोगुनी ताकत के साथ अपने सहयोगियों के साथ लोकसभा में मौजूद है, तो भाजपा के कांग्रेस विहीन सपने का क्या होगा ?

**सपनों** का टूटना मनुष्य जीवन का सबसे दुखद पहलू है। ईश्वर ने मनुष्य को ये सुविधा दी है कि वो सोते-जागते स्वप्न देखे, उन्हें साकार कर, उन्हें टूटने न दे, लेकिन कहते हैं कि ईश्वर एक हाथ से वरदान देता है तो दूस्सरे हाथ से उसे छीन भी लेता है। सबसे बड़ा उदाहरण भस्मासुर का है। 44 साल पहले राम जी का नाम लेकर गठित भाजपा के तत्कालीन नेतृत्व का ही नहीं बल्कि मौजूदा नेतृत्व का भी एक ही सुन्दर सपना था कि देश कांग्रेस-विहीन हो जाये, लेकिन 2024 के आम चुनाव में भाजपा का ये सुन्दर सपना बुरी तरह से टूट गया है। देश कांग्रेस विहीन तो नहीं हुआ उलटे कांग्रेस के हिस्से में लोकसभा के विपक्ष के नेता का पद और आ गया। भाजपा के इस सुन्दर सपने में रंग भरने के लिए भाजपा के छोटे से लेकर हर बड़े कार्यकर्ता ने हाड-तोड़ श्रम किया। लालकृष्ण आडवाणी से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी तक इसमें लगे रहे, किन्तु आक्रामकता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ मोशा की जोड़ी आगे बढ़ी। इस जोड़ी ने 2014 में कांग्रेस को जमीन पर ला पटका, लेकिन 2019 के आम चुनाव ने फिर से अंगड़ाई ली और उठ खड़ी हुई। 2024 के आम चुनाव में तो कांग्रेस ने कमाल ही कर दिया। आज कांग्रेस के पास सत्ता का नेतृत्व तो नहीं है, लेकिन एक मजबूत विपक्ष का नेतृत्व अवश्य है। भाजपा का सपना टूटते देख मुझे वेदना होती है। किसी का भी सपना टूटते देख मै द्रवित हो जाता हूँ। भाजपा के मामले में तो मुझे रामचरित मानस की वो चौपाई अक्सर याद आ जाती है.....

*जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा।*
*तासु दून कपि रूप दिखावा।।*

भाजपा ने पिछले एकदशक में कांग्रेस को मिटटी में मिलाने के सौ जतन किये लेकिन कांग्रेस मरी नहीं, मिटी नहीं। कांग्रेस एक कोशीय अमीबा की तरह मर-मरकर जीवित होती रही। कांग्रेस के मौजूदा नेता राहुल गांधी ने भाजपा के एक दशक के शासनकाल में सबसे जायदा सहा। मुकदमें झेले, संसद की सदस्यता गंवाई, फिर अदालत के हस्तक्षेप से वापस पाई। सरकारी मकान छोड़ा। अठारह-अठारह घंटे तक जांच एजेंसियों के सामने बैठकर पूछताछ का सामना किया। भाजपा की सरकार लेकिन राहुल गांधी को जेल नहीं भेज पाई। जबकि उसके लिए ऐसा करना बहुत कठिन नहीं था।

## आज का इतिहास

- एम्सटरडेम में 1748 को दो लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी दिये जाने के विरोध में भडके दंगो में 200 से अधिक लोग मारे गये।
- टमाटर को बिना जहर वाली सब्जी 1820 में साबित किया गया।
- ब्रिटेन की महारानी क्वीन विक्टोरिया की ताजपोशी 1838 में लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में की गयी।
- एंटोइन जोसेफ सैक्स ने 1846 में सैक्सोफोन का पेटेंट कराया।
- वर्साय शांति संधि पर 1919 में दस्तखत के साथ प्रथम विश्वयुद्ध खत्म हो गया।
- आयरिश नागरिक युद्ध 1922 में शुरू हुआ।
- इंग्लैंड ने 1932 में लॉडर्स में तीन दिन के टेस्ट मैच में भारत को 158 रन हराकर एक टेस्ट की सीरीज जीती थी। इसमें दोनों टीमों के कई खिलाड़ियों ने पदार्पण किया था।
- जर्मनी और रोमानिया के सैनिकों ने 1941 में रूसी साम्राज्य के बेस्सारेबिया प्रांत की राजधानी किशिनेव में 11 हजार यहूदियों को हत्या कर दी।
- जर्मनी की सेना ने 1941 में पोलैंड के गैलिसिया पर कब्जा जमाया।
- दक्षिण अफ्रीका नेता नेल्सन मंडेला को 1952 में पहली बार जेल में डाला गया।
- पोलैंड के पोजनेन में 1956 को दंगे भड़कने से 38 लोग मारे गये।
- वेल्स के मोनमाउथशर की एक कोयला खदान में 1960 को गैस से हुए धमाके में 37 खनिकों की मौत हो गयी।
- पहली कमर्शियल सैटेलाइट अर्ली बर्ड ने 1965 में कम्यूनिकेशन सर्विस शुरू की।
- अमेरिका के एयरफोर्स एकेडमी में 1976 को पहली महिला का प्रवेश हुआ।
- ईरान में 1981 को एक हमले में 74 सरकारी अधिकारियों की मौत हो गयी।
- चीन ने 1981 में कैलाश और मानसरोवर के लिये सड़क मार्ग खोला।

## सुविचार

बलवान व्यक्ति की भी बुद्धिमानी इसी में है कि वह जान-बूझ कर किसी को शत्रु न बनाये।

**शुप्रनीति**

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं, वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं।

**वाल्मीकि**

## अंकजाल - 7592

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 18 | 21 | ■ | 20 | 23 | 7 | 12 | ■ |
| 15 | | 5 | | 8 | | 7 | | 4 | 16 |
| 15 | 2 | | 7 | 9 | 3 | | 2 | | 17 |
| 14 | | 2 | | 7 | | 9 | | 3 | 22 |
| 29 | 8 | | 6 | | 3 | 6 | 4 | 5 | ■ |
| ■ | 2 | 5 | 6 | 3 | | 7 | | 8 | 30 |
| 20 | 5 | | 9 | | ■ | | 5 | | 20 |
| 24 | | 8 | | 5 | ■ | 1 | | 7 | 16 |
| 25 | 3 | | 6 | | ■ | | 2 | | 10 |
| ■ | 13 | 21 | 21 | 24 | ■ | 18 | 23 | 28 | ■ |

*अंकजाल 7591 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 26 | 14 | 12 | ■ | 32 | 29 | 15 | 19 | ■ |
| 19 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 5 | 4 | 9 | 23 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 10 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 22 |
| 38 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ |
| ■ | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 31 |
| 20 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 16 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 29 | 31 | ■ | 9 | 22 | 27 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## आशा निराशा

**एक** मछुआरा था। उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा, लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी। भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला। पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी। मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा। बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था। सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ...। मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक - एक करके नदी में फेंकता जा रहा था। पोटली खाली हो गयी। जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया। उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था, यह क्या ! ये तो नीलम था। मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था। नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था।

# यही वक्त है भारत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करने का

**प्रहलाद सबनानी**

**वैश्विक** स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गल्त दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है।
इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। वस्तुतः भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है।
इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है।

## राशिफल

**मेष** – कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**तुला** – अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**वृष** – महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** – भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मिथुन** – राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**धनु** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** – आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें।

**मकर** – जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**सिंह** – आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभ** – कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**कन्या** – कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन** – संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

# ओम बिरला : सामाजिक कार्यकर्ता कैसे बना राष्ट्रीय राजनीति का सितारा

गौरतलब | **प्रो. संजय द्विवेदी**

> **बिरला** राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गये। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारम्भ किया, जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किये जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गये। फिर उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोयें। इस तरह वह बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं।

**ओम** बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता, सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चचाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी।
बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि "संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है।" उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।
राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर, 1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं।
सत्रहवीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्वेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया। उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान, मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### प्रवेश अग्रवाल लातेहार के नये डीएफओ बने

**लातेहार** : भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल लातेहार के नए वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाए गए। इस आशय के अधिसूचना राज्य सरकार ने जारी कर दी है। आईएफएस श्री अग्रवाल के साथ सरकार ने भारतीय वन सेवा के 40 पदाधिकारी का तबादला किया है। लातेहार के निवर्तमान वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार को सिमडेगा का नया वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### हिन्द मजदूर किसान यूनियन के जोनल सचिव बने निजामुद्दीन

**लातेहार** : राष्ट्रीय मोर्चा से संबद्ध यूनियन हिंद मजदूर किसान यूनियन की बैठक आम्रपाली के सामुदायिक भवन में आयोजित की गयी। बैठक में बालूमाथ निवासी निजामुद्दीन को मेसर्स सी.सी.एल. के थ्री एरिया अर्थात आम्रपाली-चंद्रगुप्त, मगध-संघमित्रा,राजहरा क्षेत्र का सर्वसम्मति से जोनल सचिव चुना गया है। निजामुद्दीन को जोनल सचिव चुने जाने पर जेनरल सेक्रेटरी इन्द्रदेव महतो ने उन्हें हिन्द मजदूर किसान यूनियन के नियमों का पालन करते हुए मजदूर हित एवं उद्योग हित में झारखण्ड प्रदेश के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत संगठित असंगठित मजदूरों की समस्याओं को औद्योगिक प्रबंधन तथा प्रदेश के प्रशासनिक पदाधिकारियों से मिल- बैठकर समाधान करने और संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया है।

### ग्रामीणों ने खुद चंदा करके बनवाया चापाकल

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड परहाटोली पंचायत गांव में गुरुवार को किसान टोली के स्थित वर्षो से खराब चापाकल को ग्रामीणों ने टोला में घरो से चंदा कर बनवाया, चापाकल से बहने वाला गंदा पानी की निकासी के लिए नाली श्रमदान कर बनवाया, ग्रामीणों ने बताया वर्षो से ये चापाकल खराब पड़ा था, आस-पास के लोगों को पानी पीने के लिए दूर जाने में दिक्कत होता था। ग्रामीण ने बताया मुखिया से इस जगह नाली निर्माण की मांग कि गई है।

### चतरा लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम के पश्चात अभ्यर्थियों के लेखा व्यय की जांच 30 को

**मेदिनीनगर** : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम के 26वें दिन एकाउंट रेकांशलिशन मीटिंग का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में चतरा समाहरणालय के सभाकक्ष में दिनांक 30 जून 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे चतरा लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों का लेखा व्यय का जांच किया जायेगा। इस लेखा व्यय जांच में शामिल होने को लेकर चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चतरा लोक सभा क्षेत्र से चुनाव में भाग ले चुके कुल 22 प्रत्याशियों से बैठक में शामिल होने को लेकर अनुरोध किया है।

### भू-अर्जन से सम्बन्धित मामलों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से रेलवे विभाग, पथ निर्माण, पीवियुएनएल, डीवीसी , एनएचएआई, टीवीएनएल आदि परियोजना के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर मुआवजा भुगतान के लंबित मामलों को यथाशीघ्र अंचल स्तर पर शिविर लगाकर निष्पादित करने का निर्देश भू अर्जन पदाधिकारी को दिया गया। वंशावली, एलसी, आदि सत्यापन का कार्य अंचल अधिकारी स्तर से ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। 80 प्रतिशत से अधिक मुआवजा राशि वितरण होने वाले परियोजनाओं का अधियाची विभाग को देखल देहानी देने का निर्देश दिया गया। एनएचएआई पैकेज 2 उदयपुरा से भोगू तक भू अर्जन से संबंधित मुआवजा का भुगतान के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथी ही एनएचएआई पैकेज 1 कुडू से उदयपुरा के भूअर्जन से संबंधित सभी ग्रामों के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु नोटिस निर्गत कर अंचल स्तर पर शिविर लगाने का निर्देश दिया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

# ज्यादा से ज्यादा वादों का लोक अदालत में करें निपटारा : पीडीजे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ सहित अन्य जिला पदाधिकारियों के साथ अगामी 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन करायें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग अति आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ सुलहनीय वादों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराया जाये। उन्होंने कहा कि लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलेशन बैठक जारी है। इसमें पक्षकारों को नोटिस कर बुलायें एवं वादों के निपटारा करायें। उन्होंने पदाधीकारियों से अपील किया कि जनमानस को लोक अदालत के महत्व एवं उसके लाभ के बारे में बतायें।श्री सिंह ने कहा कि अगामी 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय,



परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसे आप सभी पदाधिकारीगण के प्रयास से ही सफल बनाया जा सकता है। वही उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी को ईमानदार प्रयास करना होगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम प्रयास का आश्वासन दिया।वहीं जिला के प्रधान न्यायाधीश ने 29 जुलाई को मासिक लोक अदालत के साथ होने वाले भूमि एवं राज्स्व संबंधित मामलों के विशेष लोक अदालत की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से चिन्हित किये गये भूमि एवं राजस्व संबंधित वादों में अबतक क्या क्या कार्रवाई की गई, इसकी जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित सभी मामलों का निष्पादन लोक अदालत में करायें। पीडित सहायता कमिटी, जिला स्तरीय लीगल एड कमिटी एवं जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी की हुई बैठक ।प्रधान जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में जिला स्तरीय लीगल एड कमिटी एवं जिला स्तरीय केस मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक प्रधान न्यायाधीश के चैंबर में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला के विभिन्न वादों में के पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जरूरतमंदों द्वारा लीगल एड (कोर्ट फी) की सहायता मांग करने वालों के आवेदनों की समीक्षा कर उन्हें सहायता देने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी के कामों की भी समीक्षा की गई एवं प्रधान न्यायाधीश, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये।

## समाजसेवी ने पत्रकारों को किया सम्मानित, कहा पत्रकार समाज के होते हैं दर्पण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के समाहरणालय प्रवेश द्वार के पास गुरुवार को समाजसेवी जितेंद्र कुमार ने पत्रकारों को सम्मानित किया। समाजसेवी कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण होते हैं। उन्हीं के बदौलत समाज की अच्छाई और कुरीतियों लोगों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।ऐसे में पत्रकार के हित का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में उमस भारी गर्मी को देखते हुए पत्रकारों के बीच गमछा का वितरण कर सम्मानित किया। बता दे कि समाजसेवी कुमार के द्वारा समय-समय पर अनाथ बच्चों के लिए खाद्य सामग्री पुस्तक, पेन पेंसिल एवं कपड़ों का वितरण किया जाता रहा हैं।मौके पर वरीय पत्रकार नीरज सिन्हा , राम कुमार,विवेक सिन्हा, संजय प्रजापति, संजीत पांडेय, राहुल पाण्डेय, संतोष कुमार, अमित कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

## पेयजल के लिए लगाये गये संयंत्र विफल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : नावाबाजार झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज नावाबाजार प्रखण्ड के भीषण पेयजल संकट प्रभावित ग्राम रबदा टोला लकड़मुडी का दौरा के बाद जारी पर प्रेस बयान में कहा है कि सम्पूर्ण पलामू जिले समेत नावाबाजार प्रखण्ड में जल जीवन मिशन के तहत संवेदक द्वारा खराब गुणवत्ता से परिपूर्ण लगाए गए पेयजल सोलर संयंत्रों की घोर विफलता के कारण 90% जनता भीषणतम पेयजल संकट से जूझ रही है,जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।बयान में उन्होंने कहा है कि उक्त मिशन के तहत नावाबाजार प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों व टोलों में लगभग 70% बोर किए गए स्थानों पर ड्राई जोन होने व पर्याप्त पानी नहीं होने के बावजूद भी संवेदक श्री आजाद सिंह ने तकनीकी अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित लोगों से मिलीभगत करके घटिया गुणवत्ता से युक्त



सोलर प्लांट लगाकर भारी घोटाला करने का काम किया है, जिसकी सीबीआई जांच कर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।इस संदर्भ में स्थानीय भाजपा विधायक व सांसद की गंभीर चुप्पी की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की विफलता पर इनकी चुप्पी कई सवालों को जन्म देता है। जारी बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि हर घर नल जल योजना के तहत बिछाए गए घटिया पाइपों व अव्यवस्थित नलों के बैठाने में घटिया सामग्रियों के प्रयोग से यह मिशन लूट की भेंट चढ़ गया है। अव्यवस्था का आलम यह है कि टोला लकड़मुडी स्थित मेरे पैतृक आवास के बाड़े के अन्दर स्थित चापानल में पानी के लिए लोगों ने बाहर में लगा ताला व सिकड़ तक तोड़ दिया है। बयान में उन्होंने कहा है कि भीषणतम गर्मी व लू के थपेड़ों के बीच पानी के लिए भटकते महिलाओं, बच्चों व बुढ़ों की आवाज सुननेवाला कोई नहीं है। लगभग 40 बन्दरों की मौत के बाद मनातु के रहेया में पानी की तलाश में तड़पते हिरन की कुएं में गिर कर मौत से भी जिला प्रशासन असंवेदनशील बना हुआ है। सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना में निष्क्रिय त्रिस्तरीय पंचायतों व नकारा बन चुके विधायक/सांसद समेत राज्य सरकार के अधिकारियों की उदासीनता की वजह से आज एक बुन्द पानी के लिए आदमी-जन,माल-मवेशी, पशु-पक्षी व जंगली जानवर तड़प रहे हैं।

## इग्नू की डिप्टी डायरेक्टर पहुंची बीएस कॉलेज, किया केन्द्र का अवलोकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के डिप्टी डायरेक्टर डॉ रागनी कुमारी गुरुवार को लातेहार पहुंची। यहां पर उन्होंने बनवारी साहू महाविद्यालय में शुरू हुई इग्नू के सेंटर का अवलोकन किया। अवलोकन करने के बाद श्री रागिनी ने व्यवस्था देख काफी प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही इसे और बेहतर बनाने को लेकर कॉलेज प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। आगे उन्होने बताया कि इसमें नामांकित छात्रों को बेहतर शिक्षा कैसे प्राप्त हो इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस केंद्र का स्थापना का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सह इग्नू केंद्र के डायरेक्टर प्रो0 प्रदीप कुमार तिवारी, कॉर्डिनेटर प्रो0 शत्रुघ्न मेहता, सहायक अनुपम कुमार मिश्रा, चन्दन कुमार, आदेशपाल बीरेंद्र उरांव, सत्यनाराण प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

## संगठन सशक्तीकरण के तहत कांग्रेसी कार्यकर्ता आगे बढ़ें : चैतु उरांव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव सिसई प्रखंड के लालमाटी, कुसुमटोली, जामपानी, नगर गुनाटोली, गांवों का भ्रमण कर कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात किया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि आप सभी कार्यकताओं के मेहनत से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जित दिलाया है मैं आप सभी को जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देता हूं। सभी लोगों को संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी समय-समय पर




कोंग्रेसी कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु ग्राम सभा के माध्यम से अपने गांवों का कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित करें , जिससे कि गांव का सर्वांगीण विकास हो पाए साथ ही साथ समय-समय पर अपने गांव क्षेत्र में क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो और ग्रामीणों की समस्या को निराकरण हेतु आवश्यक पहल करे। ग्रामीणों द्वारा अपने समस्याओं से अवगत कराते हुए बतलाया कि सिसई प्रखंड के विभिन्न गांव में ऑनलाइन जमीन संबंधित एंट्री नहीं हो पाया है जिसे विशेष संज्ञान में लिया गया। साथ ही पेयजल, सरनाघेराव, धूमकुरिया, अखरा, पीसीसी पथ, अबुआ आवास, निर्माण हेतु ग्रामीणों ने अपनी बात रखें, चैतु उरॉव ने कहा कि मैं संबंधित पदाधिकारी को अवगत करते हुए आपके समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाएगा। बैठक में विशेश्वर मुंडा, बिहारी भगत, तरुण गोप,देवा साहु, रवि उरॉव, बन्दी उरांव, शिबु उरांव, भदवा उरांव, गोयंदा उरॉव, शनिचर उरॉव, महेश्वर उरॉव, कर्मा उरांव, दिनंबधु उरांव, सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। उप विकास



आयुक्त कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिए।जिला योजना कार्यालय, डीएमएफटी से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिकायतों के निष्पादन की सूची बनाकर देने का निदेश दिया। महुआडांड़ अनुमंडल स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है इसकी जानकारी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए।

## वरिष्ठ भाजपा नेता भरत प्रसाद का निधन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार** : मनिका के वरिष्ट भाजपा नेता सह मनिका ग्राम के ग्राम प्रधान भरत प्रसाद का बुधवार को राज हॉस्पिटल रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई।जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गुरुवार को उनके निवास स्थान मनिका में लाया गया जहां उनके पार्थिव शरीर को देखने आस पास के सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार मनिका के दोमुहन घाट पर किया गया। जहां उनके एक मात्र पुत्र टूनमुन कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दिया। इनके शव यात्रा में भाजपा नेता राजधानी यादव, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू राजा,सांसद प्रतिनिधि लव दुबे, पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, जिप सदस्य बलवंत सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, राजद नेता रघुपाल सिंह,कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता शामिल हुए।बताया जाता है की दस दिन पूर्व इनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई थी जिसके बाद इन्हे राज हॉस्पिटल रांची में इलाज के लिए भर्ती किया गया था। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये शुगर बीमारी से ग्रस्त थे जांच के दौरान इनके दोनो किडनी का फेल होना बताई गई जिसके बाद इन्हे डायलेसिस पर रखा गया था।

## विज्ञान केन्द्र में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला जिले के विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अहमदाबाद में स्थित आई.आई.टी गांधीनगर के संज्ञानात्मक एवं मस्तिष्क विज्ञान के प्रोफेसर, प्रो. जैसन जयमंगले के द्वारा जिला विज्ञान केंद्र में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के आज दूसरे दिन में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुमला तथा एस एस बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के साथ जीवन में उत्कृष्टता के साथ नई ऊंचाइयों को छूने के निमित झिझक छोड़कर जिज्ञासा के साथ ज्ञान की अवधारणा समझने के लिए क्या, क्यों और कैसे पर जोर देते हुए प्रश्न पूछने तथा जिज्ञासु प्रवृति के साथ बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए निरंतर छोटे छोटे स्तर से होकर बड़ा कार्य करने पर बल दिया गया ।प्रोफेसर जैसन द्वारा जीवन में सफलता के लिए लीडरशिप के गुणों की चर्चा की गई तथा छात्राओं को छोटे छोटे मनोरंजक प्रोजेक्ट गतिविधियां भी दिए गए। इस दौरान आईआईटी गांधीनगर की वीडियो डाक्यूमेंट्री का भी उनके द्वारा प्रदर्शन किया गया तथा छात्राओं को आईआईटी में पहुंचने के लिए काउंसिलिंग की गयी।

## राप्राावि दुगिला के बच्चों के बीच पुस्तक व ज्योमेट्री बॉक्स का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुगिला में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव के द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक एवं ज्योमेट्री बॉक्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री उराँव ने कहा कि शिक्षा एक वो शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा, क्योंकि शिक्षा हमें ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभाने में मदद करती है। शिक्षा हमारे व्यक्तित्व चरित्र और आदर्शों का निर्माण करती है। शिक्षा हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों संग की बैठक

# मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सभी पर्यवेक्षकों को सौंपे टास्क

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर निर्देश दिये। वे बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में पड़ने वाले सभी पांचों विधानसभा के बी.एल.ओ पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दो चरणों में पुनरीक्षण कार्य होगा पहले चरण 25 जून से 24 जुलाई तक प्री रिवीजन एक्टिविटीज जबकि दूसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिवीजन एक्टिविटीज के लिए निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा जबकि 20 अगस्त से निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



**पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने के निर्देश**

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी गयी है,उस सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है।इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नए सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है। इसके अलावे आगामी 20 दिन एएसडी लिस्ट पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश।

**डीईओ ने सभी मतदाताओं से की अपील**

डीईओ ने सभी मतदाताओं से भी अपील की कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार के सुधार कराने हैं,वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन दें। ऐसा कर वे आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गयी। मौके पर सभी विधानसभा के एआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी एईआरओ समेत विभिन्न बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## एक झलक

### नक्सली संगठन के नाम से दीवारों पर नारे लिख कर दी गयी धमकी

**बोकारो** : जिले के दनिया स्थित पुलिस पिकेट के नजदीक दीवारों पर धमकी भरे नारे लिखे गये हैं। यह नारे पीएलएफआई संगठन के नाम से लिखे हैं। नारों में लिखा है कि चतुर्भूज प्रजापति कामदेव महतो को भट्ठा का हिसाब देना होगा। इसे गुरुवार को स्थानीय लोगों ने देखा। लिखा है कि प्रति ट्रैक्टर 1000 हजार रुपये देना होगा। नहीं तो ट्रैक्टर जेसीबी जला देंगे। जहां पर यह नारा लिखा गया है वहां से थोड़ी दूर पर ही पुलिस पिकेट भी है। घटना की सूचना पर मिलने पर जोगेश्वर बिहार थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की। पुलिस के अनुसार, देखने से लग रहा है कि यह असामाजिक तत्वों की शरारत है।

### डीसी ने की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**लोहरदगा** : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास समन्वय एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। डीसी ने मनरेगा की योजनाओं में दीदी बाड़ी योजना, पशु शेड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा की। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में शेष लंबित योजना के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में आवास निर्माण के स्थिति की समीक्षा और लाभुक को हस्तांतरित किश्त की समीक्षा की। पीएमजनमन योजना में किस्को और पेशरार में प्राप्त लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा की। आइटीडीए परियोजना निदेशक अगले 15 दिनों में वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नये सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### यूजी सेमेस्टर-5 व पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा तिथि घोषित

**दुमका** : सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने गुरुवार को यूजी सेमेस्टर-5 और पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा तिथि घोषित कर दी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार शाह ने उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए अधिसूचना जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार यूजी सेमेस्टर-5 की परीक्षा 12 से 24 जुलाई तक चलेगी जबकि पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा 13 से 27 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए परीक्षा विभाग ने यूजी सेमेस्टर-5 के सभी विषयों को तीन ग्रुप में बांटा है। ग्रुप-ए में वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, भौतिकी, जंतु विज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, गणित, गृह विज्ञान, संगीत और सांख्यिकी विषय शामिल हैं। ग्रुप बी में हिंदी, संथाली, बंगाली, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, मैथली, पारसियन, अर्थशास्त्र और वाणिज्य विषय शामिल हैं। जबकि ग्रुप-सी में इतिहास, एआईएचएंडसी, एलएसडब्लू, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान और गांधीवादी विचार और ग्रामीण अर्थशास्त्र शामिल हैं। यह परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा विभाग ने पीजी सेमेस्टर 4 के सभी विषयों को भी दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें ग्रुप-ए में हिंदी, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य, बांग्ला, संस्कृत फारसी, भूविज्ञान और संथाली विषय शामिल हैं।

## सरायकेला में मिनी शराब फैक्टरी का भंडाफोड़

# भारी मात्रा में नकली शराब व डोडा बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सरायकेला** : जिले के चौका थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब कारोबार का स्पेशल टास्क फोर्स ने गुरुवार को भंडाफोड़ किया। सरायकेला एसपी के निर्देश पर गठित स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने दो मिनी शराब फैक्टरी के उद्भेदन के साथ डोडा भी बरामद किया है। एसआई विपुल ओझा समेत अन्य दो लोगों के नेतृत्व में गठित स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने गुप्त सूचना पर हैसाकोचा स्थित जंगल क्षेत्र में चल रहे मिनी शराब फैक्टरी में दबिश दी। यहां से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला स्प्रिट, अलग-अलग ब्रांड के रैपर, ढक्कन एवं शराब बनाने में प्रयोग हो रहे 16 बोरा डोडा बरामद किया गया। पुलिस को छानबीन में पता चला कि यहां से डोडा राजस्थान भेजा जाता था। कारोबार में शामिल सभी आरोपित फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि अवैध धंधेबाज या तो सुधर जाएं या इलाका छोड़ दें। साथ ही थानेदारों को भी साफ चेतावनी दी कि यदि उनके इलाकों से अवैध धंधों की शिकायत मिलती है तो उन पर भी कार्रवाई होगी। इसके बाद से ही जिले में हर थानेदार ने इन दिनों अवैध धंधेबाजों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। अवैध स्क्रैप, बालू और लॉटरी के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। लगातार बढ़ते पुलिसिया कार्रवाई से जिले के अवैध कारोबारी और माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## बीडीओ सह एमओ की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से सम्बन्धित समीक्षा बैठक आयोजित

- लक्ष्य से काफी कम अनाज वितरण करनेवाले दुकानदारों को दो दिन के अंदर सौ प्रतिशत राशन वितरण के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभय कुमार की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पीएच, अंत्योदय एवं ग्रीन राशनकार्ड से संबंधित चावल, चना दाल, चीनी के उठाव तथा वितरण की समीक्षा करते हुए लक्ष्य से काफी कम वितरण करने वाले दुकानदारों को दो दिन के अंदर सौ प्रतिशत राशन वितरण का निर्देश दिया गया।

## लकड़ी व पत्थर के अवैध कारोबार पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, माफियाओं में हड़कंप

- वन क्षेत्र से एक अवैध पत्थर लोड ट्रैक्टर, एक लकड़ी लोड जुगाड़ गाड़ी व एक लकड़ी लोड पिकअप वैन जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : पत्थर एवं लकड़ी के अवैध कारोबार पर वन विभाग की टीम ने बुधवार की रात बड़ी कार्रवाई की है। वन क्षेत्र से एक अवैध पत्थर लोड ट्रैक्टर,एक लकड़ी लोड जुगाड़ गाड़ी के अलावे एक लकड़ी लोड पिकअप वैन को जब्त किया है। पिकअप वैन को दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के बागनल के पास से पकड़ा गया है। जब्त पिकअप वैन को रानी बहाल वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में रखा गया है। जबकि अवैध पत्थर लोड ट्रैक्टर को लटूलिया जंगल से जब्त किया गया है। जुगाड़ गाड़ी को जीवनपुर मोड़ से पकड़ा गया है। जिसे आसनबनी वन क्षेत्र कार्यालय परिसर में रखा गया है। प्रभारी वन पाल तारणी मंडल के नेतृत्व में वन विभाग की एक टीम ने रात भर गश्ती कर उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। तस्करी के लकड़ी पश्चिम बंगाल के राजनगर एवं मुरालपुर आरा मिल में खपाने के लिए ले जायी जा रही थी। बताते चलें कि तारिणी मंडल के नेतृत्व में लगातार लकड़ी एवं पत्थर के अवैध कारोबार पर कारवाई करने से संबंधित माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन

**गुमला** : घाघरा शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया जांच शिविर का शुभारंभ चैनपुर अनुमंडल भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह, बीडीओ दिनेश कुमार और दिव्यांग बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के कोई विद्यालयों से आए 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिब्यांग बच्चों का जांच किया गया इसके साथ ही पूर्व सर्वे में किए गए दिव्यांग बच्चों के उपकरण का वितरण भी किया गया जिसमें शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कैलीपर,नही सुनायी देने पर कान में लगाने वाली मशीन, ब्रायन लिपि,दिब्यंग रिक्सा वह अन्य कोई उपकरण का वितरण किया गया।

## खनन विभाग ने की छापेमारी अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन-परिवाहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान गुरुवार को खनन विभाग की टीम ने सेक्टर 12 थाना अतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने पुलिस लाइन चौक मुख्य सड़क पर बिना खनिज परिवहन के परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू व पुलिस बल मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को मदद करनेवाले 02 लोगों को किया गया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त विजया जाधव की उपस्थिति में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डेन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले दो गुड सेमेरिटन बेरमो प्रखंड निवासी रोहित कुमार व चंद्रपुरा निवासी कन्हैया कुमार को जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा गुड सेमेरिटन योजना शुरू की गई है। इसके तहत गुड सेमेरिटन को पुरस्कार



एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है,जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके एक घातक दुर्घटना के शिकार व्यक्ति की जान बचाई है और दुर्घटना के गोल्डन आवर के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए नजदीकी अस्पताल, सीएचसी, ट्रामा सेंटर में भर्ती करावाया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए आम जनता को प्रेरित करना और दूसरों को निर्दोष जीवन बचाने के लिए प्रेरित करना है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# नशे के चंगुल में आकर आदमी बर्बाद हो जाता है : जतिन कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को राजेश मैथमेटिक्स क्लासेस रसिकपुर दुमका में यंग उड़ान की ओर से संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि को पौधा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता ने कहा कि नशे के कई तरह के साधन हैं, जिसके सेवन से नशा करने वालों के साथ-साथ उनके परिजनों का सामाजिक,





आर्थिक,शारीरिक व पारिवारिक जीवन निम्न स्तर का हो जाता है। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता सह यंग उड़ान के अध्यक्ष जतिन कुमार ने कहा कि नशे के चंगुल में आकर आदमी बर्बाद हो जाता है। विशेष अतिथि एमडी रेडियोडायग होप अस्पताल के डायरेक्टर डॉ अभिषेक कुमार ने कहा कि नशे का शिकार सिर्फ युवा एवं व्यस्क ही नहीं बन रहे, बल्कि किशोरों में भी यह देखा जा रहा है कि वह गुटखा, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद आदि जानलेवा वस्तुओं का सेवन धड़ल्ले से कर रहे हैं। जिसे लेकर हम सबों को जागरूक होने की आवश्यकता है। राजेश ने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर हमें सामाजिक रूप से नियमित जागरुकता अभियान चलाने की जरुरत है। नशा मुक्त युवाओं से हमारा राष्ट्र समृद्ध होगा, इसके लिए हम सभी को युवाओं को जागरूक करना होगा। इस अवसर पर मैथमेटिक्स संस्थापक राजेश कुमार,अभिषेक साहा, सुमित भंडारी, जतिन कुमार, डॉक्टर श्वेता स्वराज, डॉ अभिषेक आदि उपस्थित थे।

# सभी पंचायतों में कैम्प लगा कर बच्चों के खाते खोले जायें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ क्रेडिट लिंकेज,मुद्रा योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के लगभग 20 हजार स्कूली बच्चों का आधार आधारित खाता नहीं होने के कारण सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली राशि उन तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। निदेश दिया कि सभी बैंक अपने बैंक के शाखाओं को अपने स्तर से मिशन मोड में वैसे बच्चे जिनका खाता नहीं है उनका आधार आधारित खाता



खोलने हेतु निदेशित करें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत में कैम्प लगाकर बच्चों को खाता खोला जाय। साथ ही वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं है उनका आधार भी बनाया जाय। सभी पंचायत में तिथिवार कैम्प लगाया जाएगा। इस संबंध में बैंक को तिथि की सूचना दे दी जाएगी। उन्होंने सभी बैंक के प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार के कल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपना सकारात्मक सहयोग करें। योजनाओं के आवेदनों को अपने पास लंबित नहीं रखें। वैसे आवेदन जो स्वीकृत हो चुके हैं उनके राशि का हस्तांतरण जल्द से जल्द करें। उन्होंने कहा कि क्रेडिट लिंकेज,मुद्रा योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को प्रदान करें।वैसे आवेदन जिसमें किसी प्रकार की कोई कमी हो,उन कमियों को दूर कर आवेदनों को स्वीकृत करने का कार्य करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सहित विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।


## शपथ पत्र



मैं मुंशी प्रजापति पिता- स्व. प्रसाद प्रजापति उम्र 66 वर्ष लगभग निवासी ग्राम बारालोटा, थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू, झारखंड शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि 1. यह कि मेरी पुत्री विमला कुमारी पति-ओम प्रकाश ग्राम बारालोटा, थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू है जो इकलौती पुत्री है संतान के नाम पर एक ही पुत्री है। 2. यह कि शपथ पत्र अपनी एक संतान की पुष्टि हेतु कर रहा हूं जो सही एवं सत्य है। गलत पाए जाने पर उसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।



## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( कृषि प्रभाग )
## झारखण्ड, सरकार कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग।

### सामयिक सूचना अंक – 01 / वर्ष 2024 – 25
### धान में बीजोपचार : – स्वस्थ फसल का आवश्यक आधार

प्रिय किसान बंधुओं,

मानसून के आगमन के साथ ही धान फसल की बुआई तीव्र हो जाती है। झारखण्ड प्रदेश में धान प्रमुख फसल है। धान के अत्यधिक एवं गुणवत्तायुक्त पैदावार के लिए स्वस्थ पौध को तैयार करने से पहले बीज एवं तैयार पौध की रोपाई से पहले पौध को जरूर उपचारित करना चाहिए। उपचारित बीज से फसल को कई प्रकार के बीमारियों से बचाया जा सकता है, जिससे पैदावार में बढ़ोतरी होती है।

बीजोपचार की विधि :–

- पानी मे नमक का 2 प्रतिशत घोल तैयार करें। इसके लिए 20 ग्राम नमक को एक लीटर पानी में अच्छी तरह मिला लें। इसमे बीज को डालकर अच्छी तरह हिलाए, जिससे हल्के व रोगी बीज सतह पर तैरने लगते है। इन्हे अलग कर ले।
- तली पर बैठे स्वस्थ बीज को साफ पानी से धोकर सूखाकर फिर फफूँदनाशक से उपचारित करे। इसके लिए 10 लीटर पानी में 2–3 ग्राम रासायनिक फफूँदनाशक या जैविक फफूँदनाशक ट्राइकोडर्मा 5 ग्राम प्रति कि0 ग्रा0 बीज की दर से घोल बनाकर बीज को 8–10 घंटों तक डुबो दे। इसके बाद घोल से बीज को निकाल कर गीली बोरी से ढंक दें। बीज मे सफेद अंकुरण नजर आने पर नर्सरी में बुआई करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 327853 Agriculture(24-25)D



## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।
## समेकित मत्स्य पालन अन्तर्गत मछली सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना (द्वितीय सूचना)

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि) दिनांक 30.05.2024 के कम में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत् खूँटी जिले के मत्स्य कृषकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मुख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी / सरकारी (लीज पर) वित्तीय वर्श 2024–25 से 2026–27 के लिए बन्दोबस्त हेतु लिये गये तालाबों राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत् मछली –सह–बत्तख पालन की योजना है। इस योजनान्तर्गत खूँटी जिले को भौतिक लक्ष्य निम्वत् प्राप्त है–

| क्र0 सं0 | योजना | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | | | ईकाइ लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 796 | | 789 | | |
| | | अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | अन्य कोटि | अनुसूचित जाति | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | समेकित मत्स्य पालन (मछली सह–बत्तख पालन) | 02 | 01 | 01 | 1,53,350 /– प्रति 0.4 हेक्टेयर (एक एकड़) जलक्षेत्र। डक हाऊस लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा। | अ0ज0ज0 / अ0 ज0 एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80% (1,22,680 /–रूपये होगी एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 1,07,345 /–रूपये होगी) शेष राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |

नियम व शर्तें:–

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल / लाभुक पर एक युनिट (160 Duckling ) ही स्वीकृत किया जायेगा।
2. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2024–25 से तीन वर्षो के लिए लीज पर बन्दोबस्त तालाब होना आवश्यक है।
3. जिसका तालाब घर के नजदीक हो को योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।
4. अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक की अंशदान की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter Feed/ Medicines तथा Duckling क्रय किये जायेंगे। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जाएगा साथ ही योजना अंतर्गत मत्स्य अंगुलिका, मत्स्य आहार , बत्तख आहार, चूना आदि क्रय पर योजनान्तर्गत नियमानुसार अनुदान की राशि का भुगतान किया जाएगा।
5. 0.2 हेक्टेयर जलक्षेत्र पर मछली –सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रूप से लागू होगी।
6. कार्यों की प्रगति के अनुसार अनुदान की राशि DBT के माध्यम से भुगतान की जाएगी।

उपरोक्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक सुयोग्य मत्स्य पालकों से विहित प्रपत्र में दिनांक 10 / 07 / 2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 327883 Fish(24-25)D



## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

### वित्तीय वर्ष–2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए "जलनिधि नामक उपयोजना"

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–22 दिनांक–18.06.2024 द्वारा झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता करने हेतु विभिन्न श्रोतों की सिंचाई समुचित व्यवस्था हेतु जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण की योजना।

(i) **डीप बोरिंग की योजना :–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P आवश्यक Accessories एवं संस्थापक (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(ii) **परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना :–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation tank- 120 ft. Width of Percolation tank- 100 ft. Depth of Percolation tank- 12 ft. Length of Bound- 370 ft. Side Slop- 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2024 है।**

**कृषक / संस्था का चयनः–**

(i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमान्त कृषक / महिला कृषकों / इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता योजना हेतु मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्तिः–**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र– (संलग्न) में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(ii) आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकेगा।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार में जमा लिया जायेगा।

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होना चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी / पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत की राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव की संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गांव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, कीनामांड़, लातेहार –829206

PR 327888 Agriculture(24--25)D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

## एक झलक

### 17.5 किलो गांजा के साथ तस्कर को एसएसबी ने पकड़ा

**अररिया** : सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं वाहिनी बथनाहा ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। तस्कर एक सुजुकी ब्रांड की ऑल्टो कार में 17.5 किलो गांजा छिपाकर नेपाल की ओर से आ रहा था। जैसे ही तस्कर गाड़ी को लेकर सोनापुर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के समीप पहुंचा, एसएसबी के जवानों को देखकर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सोनापुर के बगल से जाने वाली सड़क की ओर अपनी सुजुकी गाड़ी को मोड़कर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन तस्कर की चाल कामयाब नहीं हो सकी और तस्कर गांजा के साथ एसएसबी के द्वारा धर दबोचा गया। गिरफ्तार तस्कर के चार पहिया वाहन से 17 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान फारबिसगंज के रामपुर के रहने वाले सहदेव यादव पिता गौतम यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर एवं गांजा को सशस्त्र सीमा बल के द्वारा बथनाहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरा करने के बाद बथनाहा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नवादा में भूमि विवाद को ले सशस्त्र संघर्ष, चार घायल

**नवादा** : नवादा जिला में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर गोली चली। दबंगों ने एक परिवार के छह सदस्यों को बेहरमी से पीटा। इस घटना से इलाके में दहशत है। घटना नेमदारगंज थाना क्षेत्र के लोदी पुर गांव की है। पीड़ित परिवार के अनुसार उनके निजी जमीन में पड़ोस के शिवदानी प्रसाद जबरन जमीन में छज्जा निकालने को लेकर भिड़ गए थे। इस दौरान गोलीबारी और परिवार के सभी सदस्यों से बेरहमी से मारपीट भी की गई हालांकि इस गोलीबारी में किसी को गोली नहीं लगी है। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में हुए झड़प में एक परिवार के दो महिला और चार पुरुष बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घायलों में लोदीपुर गांव के मिश्री प्रसाद राधे श्याम कुमार, अजय कुमार, कविमनी देवी, रानी देवी और प्रसाद बताए जाते हैं। पीड़ित परिवार ने पड़ोस के शिवदानी प्रसाद, प्रदुमन कुमार, सासो देवी, सुगिया देवी, पार्वती देवी, सोनी देवी, उर्मिला देवी, अरविंद कुमार और संजीव कुमार पर घर में घुसकर बेहरमी से मारपीट और गोलीबारी का आरोप लगाया है। सभी घायलों का इलाज नवादा सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा जारी है। इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है किसी भी अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### धान का कटोरा बारिश से नहीं भरा, तो बिहार के किसानों की बढ़ेगी मुश्किलें

**पटना** : धान का कटोरा कहा जाने वाला बिहार का शाहबाद अभी तक पूरी तरह सूखा है। यदि बारिश से ये कटोरा नहीं भरा तो धान का उत्पादन होना कठिन हो जाएगा। किसानों का मानना है कि अभी भी मानसून की गति धीमी बनी हुई है। जल्द बारिश नहीं हुई तो जिन इलाकों में रोपाई के लिए बिचड़ा तैयार किया गया है, वह भी सूख जाएगा। हालांकि, जिनके पास सिंचाई के अपने साधन हैं, वे इस स्थिति को कुछ हद तक झेल सकते हैं।आषाढ़ महीना चल रहा है लेकिन किसानों को अब भी झमाझम बारिश का इंतजार है। थोड़ी बहुत बारिश जरूर हुई है लेकिन वह खेती की गतिविधियों को शुरू करने के लिए नाकाफी है। किसान अब तक धान के बिचड़े खेतों में नहीं डाल पाए हैं, जिससे धान की खेती के पिछड़ने की संभावना बढ़ गयी है। इस साल कृषि विभाग ने 36.56 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा है। बताया जाता है कि अभी तक 40 से 45 प्रतिशत ही बिचड़े खेतों में गिराए गए हैं। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। कृषि वैज्ञानिकों का भी मानना है कि अब तक बिचड़े खेतों में पड़ जाने चाहिए थे। राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि लंबी अवधि की प्रजाति को देर से डालने वाले किसानों के लिए रबी तक पहुंच कम हो जाएगी।

# 120 करोड़ के कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण : सीएम



एजेंसी

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण कर वहां पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री भारी बारिश के बीच प.चम्पारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे। उन्होंने 120 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के साथ अतिथि गृह का लोकार्पण किया। उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। नीतीश कुमार ने कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में कुशल मानिटरिंग करने व गुणवत्ता पूर्ण काम करने के लिये डीएम, एसडीएम और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि सीएम नीतीश पटना आने के बाद दिल्ली के लिए भी रवाना हो सकते हैं। क्योंकि, 29 जून को दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है। उल्लेखनीय है कि 06 मई, 2022 को मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअल शिलान्यास किया था। कुल 25 एकड़ में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसका निर्माण 120 करोड़ की लागत से किया गया है। कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है। कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं। पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है। पूरे भवन को भूकंप रोधी बनाया गया है। साथ ही कन्वेंशन सेंटर में बराज के किनारे 100 कमरों का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अतिथि गृह भी बना है। सबसे बड़ी बात है कि यहां ठहरने वाले पर्यटक कमरों से ही जल, जंगल और पहाड़ का दीदार कर सकेंगे।

# पनार नदी धार में डूबने से 65 साल के किसान की मौत



**अररिया** : फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत स्थित नयानगर के समीप बहने वाली पनार धार के गहरे पानी में डूबने से 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर की है। मृतक का नाम राजो दास है,जो फारबिसगंज थाना क्षेत्र के तिरसकुंड नयानगर का निवासी है।वह नित्य दिन की भांति धार को पारकर अपने खेत को देखने के लिए जा रहा था।इसी क्रम में तेज गहराई में पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में चला गया और डूबने एस इनकी मौत हो गई।सूचना के बाद पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। उन्होंने बताया कि राजू दास अपना खेत देखने के लिए घर से कुछ दूरी पर स्थित पनार धार पार होकर जा रहा था कि पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चला गया।

# शिविर आयोजित कर लाभार्थियों को दिया गया ऋण



एजेंसी

**भागलपुर** : भागलपुर के रेशम भवन प्रांगण में गुरुवार को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग के लिए ऋण वितरण शिविर लगाया गया। रेशम भवन में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कई लाभार्थियों के बीच ऋण वितरण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने कहा कि आज का दिन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग के लाभार्थियों के लिए विशेष है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आज कई लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया और आगे भी कई लाभार्थियों के बीच इस तरह का ऋण वितरण किया जाएगा।

# रफीक अंसारी पर गांव के ही कुछ लोगों ने किया जानलेवा हमला



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव निवासी रफीक अंसारी पर गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। घायल पीड़ित की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले को लेकर पीड़ित के पुत्र दिलअफरोज अंसारी ने बुढ़मू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रफीक अंसारी अपने घर मे बैठे हुए थे। इसी बीच गांव के समसुद्दीन अंसारी, जाबिर अंसारी, साजिद अंसारी, माजिद अंसारी, जैमुन खातुन व सायदा खातुन ने हरवे हथियार से पीड़ित रफीक अंसारी पर हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित के माथा, छाती, कमर में गंभीर चोटें आई है। साथ ही आरोपियों ने पीड़ित के पॉकेट से 12 हजार रुपये भी लूट लिया। पीड़ित का इलाज सीएचसी बुढ़मू के बाद रिम्स में चल रहा है। मामले पर थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांचोपरांत दोषियों पर कड़ी कारवाई की जाएगी।

# पुल का पिलर धंसने से आवागमन हुआ बाधित



एजेंसी

**किशनगंज** : जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डूबाडांगी गांव के समीप से होकर बहने वाली कनकई नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से नदी में बने पुल का पाया धंस गया है। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर परीक्षमान डीएसपी सह थानाध्यक्ष बहादुरगंज अभिनव परासर अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और बैरिकेडिंग की व्यवस्था करवाकर वाहनों के आवाजाही को तत्काल बंद करवाया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पुल का निर्माण करीब 6 वर्ष पूर्व किया गया था, जहां कनकई नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से पुल का पाया धंस गया। वहीं मौके पर पथ निर्माण विभाग कि टीम सहित बहादुरगंज एवं दिघलबैंक थाना कि पुलिस मौके पर मौजूद है।

# नीट-यूजी पेपर लीक पर मनीष और आशुतोष गिरफ्तार



**पटना** : नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को मनीष कुमार और आशुतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था, जहां उन्हें लीक हुए पेपर के साथ उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करायी गयी थी। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, मनीष प्रकाश अपनी कार में उम्मीदवारों को लर्न प्ले स्कूल ले जाने के लिए जिम्मेदार था, जबकि आशुतोष छात्रों के लिए सेफ हाउस में परिसर की व्यवस्था करता था, जिन्हें उसके घर में ठहराया जाता था। मनीष को पटना से पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने मनीष की पत्नी को फोन करके उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी। यह सीबीआई द्वारा की गयी पहली गिरफ्तारी है। इससे पहले बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को ही हिरासत में लिया था। मनीष प्रकाश और आशुतोष दोनों को अदालत में पेश किया गया है। बिहार सरकार ने 2024 नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बीते तीन दिन पहले सौंप दी थी। आर्थिक अपराध इकाई ने मामले के सभी अपडेट रिकॉर्ड केन्द्रीय एजेंसी को सौंप दिये हैं। नीट पेपर लीक मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हम कानून ला रहे हैं। केन्द्र सरकार ने भी कानून का प्रावधान किया है। इसमें 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। हम विधानमंडल के अगले सत्र तक इस पर कानून भी लाएंगे और सख्त कार्रवाई के साथ स्पीडी ट्रायल चला कर 3-6 महीने में आरोपितों को सजा दिलाने का काम करेंगे।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**अररिया** : जिले के फारबिसगंज थाना और ट्रैफिक पुलिस की ओर से सुभाष चौक पर गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई रोशन कुमार और राजकुमार के द्वारा पुलिस बलों के साथ विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसके अंतर्गत दो पहिया वाहन के साथ चार पहिया वाहनों की ट्रैफिक रूल्स के तहत जांच की गई।अभियान के अंतर्गत बिना कागजात और हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले दो पहिया वाहन चालकों से जुमार्ने की राशि वसूली गई। पुलिस अधिकारियों ने बलों के साथ दो पहिया वाहन के डिक्की कागजात आदि की जांच की गई।वहीं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और गाड़ी को डिक्की को खोलकर जांच की गई।सुभाष चौक पर पुलिस की ओर से अचानक वाहन जांच अभियान से हड़कंप मच गया।

# राहुल गांधी को विपक्षी दल नेता बनने पर आभार

एजेंसी

**मधुबनी** : मुख्यालय स्थित ललित भवन कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को आभार अभिनन्दन साधुवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा के संयोजन में राहुल गांधी को अठारहवीं लोक सभा में विपक्ष के नेता पद आसीन होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के विपक्ष का नेता बनने पर कांग्रेसियों ने जश्न मनाया। सांसद राहुल गांधी जी के 18वीं लोकसभा में विपक्ष के नेता पद संभालने पर जिला कांग्रेसियों में उत्साहपूर्ण माहौल बताया।नगर निगम के डिप्टी मेयर कांग्रेस नेता अमानुल्लाह खान ने बताया कि

**■ राहुल गांधी को विपक्षी दल नेता बनने पर आभार अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित**



उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं में नव उर्जा जगी है। लोकप्रिय नेता राहुल गांधी विपक्षी दल का नेतृत्व जिम्मेवारी संभालने के लिए बधाई दिया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्थापना काल से सदैव जन आकांक्षाओं का सम्मान करती रही है। कार्यक्रम में आइएनडीए महागठबंधन दल के नेताओं को एकजुटता बनाकर राहुल गांधी में विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। अवसर प्रो शीतलांबर झा, हिमांशु कुमार, नलिनी रंजन झा उर्फ रूपम झा, ज्योति झा, शाहिद हुसैन, आलोक झा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्नी ने अपने पति के लापता होने की सूचना थाने में दर्ज करायी

एजेंसी

**किशनगंज** : सदर थाना क्षेत्र के गाछपाड़ा की रहने वाली महिला ने अपने पति मो अयूब के लापता होने की सूचना सदर थाने में दर्ज करवायी है। मामले में पुलिस के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 23 जून को महिला के पति को किसी का कॉल आया। इसके बाद वह घर से निकला। जो अब तक वापस नहीं लौटा। परिजनों को लगा की वह किसी कार्य से कही गया होगा। जो वापस आ जाएगा। लेकिन काफी देर के बाद भी वापस नहीं लौटा तब परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी। इसके बाद सदर पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पत्नी ने अपने पति के अपहरण की आशंका जताते हुए जल्द बरामदगी की गुहार लगायी है।परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई है। लापता व्यक्ति के मोबाइल पर फोन करने पर मोबाइल का स्विच भी ऑफ आ रहा है। इधर पुलिस लापता के खोजबीन के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। पुलिस लापता व्यक्ति का मोबाइल डिटेल खंगाल रही है। कांड के अनुसंधानकर्ता अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार बनाये गए हैं।

# जिप सदस्य की हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**■ एसपी ने एसआईटी का किया गठन, कहा : हत्यारे जल्द होंगे गिरफ्तार**

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के 23,बंजरिया के जिला परिषद सदस्य सह केन यूनियन के सचिव सुरेश यादव की हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तीन-चार बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने घटना स्थल से एक मोबाइल बरामद किया है। जिसे जब्त कर मोबाइल व सिम धारक की पहचान की जा रही है। साथ ही पुलिस उसके कॉल डिटेल को भी खंगालने में जुटी है। इसके साथ ही घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में अपराधी दिख रहे है।



जिसमें दो का चेहरा खुला दिख रहा है। जबकि सबसे पीछे बैठा अपराधी हेमलेट पहन रखा है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है,कि उसी ने जिप सदस्य को गोली मार हत्या की है। पुलिस के अनुसार हत्या के कारण में मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में शामिल नये इलाकों के जमीन की खरीद-बिक्री, कुंआरी देवी चौक व आसपास के इलाकों में निगम व जिला परिषद के वाहन टैक्स वसूली टेंडर के साथ- साथ क्षेत्र में सुरेश यादव की बढ़ रहे राजनीतिक कद भी कारण हो सकता है। जिसको लेकर अनुसंधान किया जा रहा है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे को लेकर एसआईटी गठित कर दी गई है। जल्द ही हत्यारों को ढूंढ निकाला जायेगा। उल्लेखनीय है,कि बुधवार को दिनदहाड़े शहर के व्यस्ततम चांदमारी चौक के समीप अपराधियो ने तीन गोली मार कर जिप सदस्य की हत्या कर दी थी। जिसके बाद आक्रोशित लोगो ने देर रात तक सदर अस्पताल से लेकर शहर के कई चौक चौराहो पर प्रदर्शन किया।


# अररिया में नूना-बकरा नदी में उफान पर, सिकटी प्रखंड में सड़क बही

**फारबिसगंज/अररिया** : नेपाल में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अररिया के जिला मुख्यालय होकर बहने वाली प्रमाण नदी, नूना और बकरा नदी उफान पर है। इन नदियों के उफान से निचले क्षेत्रों में तीन से चार फीट पानी भर गया है। इसे लेकर लोग सुरक्षित ठिकाने की तरफ पलायन करने लगे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र सहित नेपाल में हो रही लगातार बारिश से नेपाल के इटहरी, धूबी व बिराटनगर जलमग्न हो गया है। साथ ही इन इलाकों में बहने वाली नदियां बूढ़ी खोला, सिंघिया व कैसले नदी भी उफान पर है। टिकुलिया में पानी की तेज धार



को देखते हुए जोगबनी नप के कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य जनप्रतिनिधि पानी की तेज बहाव वाली जगह पर पहुंचे व लोगो के सुचारू आवागमन हेतु मोटी रस्सी लगाई गई। इससे लोग तेज बहाव से बचते हुए सड़क को पार कर सके। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की तेज बहाव वाले स्थानों पर नगर परिषद द्वारा दो कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

# योगिनी एकादशी व्रत कथा का पाठ करने से सभी तरह के पापों से मिलती है मुक्ति : गुरु साकेत



एजेंसी

**किशनगंज** : एकादशी तिथि सभी शुभ तिथियों में से एक है। यह तिथि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित है। हर माह में 2 बार एकादशी व्रत किया जाता है। आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा कर व्रत कथा पाठ जरूर करना चाहिए। गुरुवार को महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 01 जुलाई को सुबह 10 बजकर 24 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन 02 जुलाई को सुबह 08 बजकर 39 मिनट पर होगा। ऐसे में 02 जुलाई को योगिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। गुरु साकेत ने बताया कि स्वर्ग लोक में कुबेर नाम का राजा रहता था। वह शिव भक्त था। रोजाना महादेव की पूजा किया करता था। उसका हेम नाम का माली था, जो हर दिन पूजा के लिए फूल लाता था। माली की पत्नी का नाम विशालाक्षी था। वह बेहद सुंदर थी। एक बार जब सुबह माली मानसरोवर से फूल तोड़कर लाया, लेकिन कामासक्त होने की वजह से वह अपनी स्त्री से हास्य-विनोद करने लगा। राजा को उपासना करने में देरी हो गई। जिसकी वजह से वह क्रोधित हुआ। ऐसे में राजा ने माली को श्राप दे दिया। उन्होंने कहा कि तुम ने ईश्वर की भक्ति से ज्यादा कामासक्ति को प्राथमिकता दी है, तुम्हारा स्वर्ग से पतन होगा और तुम धरती पर स्त्री वियोग और कुष्ठ रोग का सामना करोगे। इसके बाद वह धरती पर आ गिरा। जिसकी वजह से उसे कुष्ठ रोग हो गया और उसकी स्त्री भी चली गई। वह कई वर्षो तक धरती पर कष्टों का सामना करता रहा। एक बार माली को मार्कण्डेय ऋषि के दर्शन हुए। उसने अपने जीवन की सभी परेशानियों को बताया। ऋषि माली को बातों को सुनकर आश्चर्य हुआ। ऐसे में मार्कण्डेय ऋषि ने उसे योगिनी एकादशी के व्रत के महत्व के बारे में बताया। मार्कण्डेय ने कहा कि इस व्रत को करने से तुम्हारे जीवन के सभी पाप खत्म होंगे और तुम पुनः भगवत कृपा से स्वर्ग लोक को प्राप्त करोगे। माली ने ठीक ऐसा ही किया। भगवान श्री हरि विष्णु ने उसके समस्त पापों को क्षमा करके उसे पुनः स्वर्ग लोक में स्थान प्रदान किया।

# 02 करोड़ राशि के ऋण की स्वीकृति

एजेंसी

**किशनगंज** : जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर लाभुको के बीच करीब दो करोड़ का ऋण वितरण किया गया। प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है जिसे एमएसएमई मंत्रालय द्वारा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को उनका अपना बिजनेस शुरू करने के लिए 20 लाख रु. से 50 लाख तक का लोन दिया जाता है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अंतर्गत औद्योगिक विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई विभाग



द्वारा खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित कोई भी यूनिट लगाने के लिए एक करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाने का प्रावधान है। लोन के साथ-साथ संबंधित उद्यमी को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी, जो अधिकतम 10 लाख रुपये तक हो सकती है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के जरिए सरकार पारंपरिक कौशल वाले लोगों की मदद करती है। इसके तहत कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र दिया जाता है तथा इसके आधार पर उपस्कर क्रय हेतु इन्हें ब्याज मुक्त लोन दिया जाता है। कार्यक्रम में 2 करोड़ राशि के ऋण का स्वीकृति पत्र 50 लाभुकों के बीच वितरित किया गया।

एक झलक

## रोहित पूरी टीम को खुश रखते हैं : कपिल

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कप्तान कपिल देव ने रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा है कि वह विराट कोहली की तरह से उछल कूद नहीं करता है। कपिल के इस बयान से विवाद भी पैदा हो गया है क्योंकि ये बात विराट के प्रशंसकों को पसंद नहीं आ रही है। कपिल ने कहा, वो विराट की तरह नहीं खेलता, उछल कूद नहीं करता पर उसको अपनी सीमाएं पता हैं और वह उसमें सबसे बेहतर है। कई बड़े खिलाड़ी आते हैं। वह अपने लिए ही आते हैं। कप्तानी भी अपने लिए करते हैं। वहीं रोहित पूरी टीम को खुश रखते हैं। भारत के लिए टी20 विश्वकप में पारी की शुरूआत करते हुए विराट असफल रहे हैं। उन्होंने केवल बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन बनाये थे। वहीं रोहित ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 गेंदों में 92 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई और सेमीफाइनल में पहुंचाया। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ जबरदस्त फॉर्म में दिखे। वहीं दूसरी तरफ कोहली ने अब तक टी20 वर्ल्ड कप 2024 की 6 पारियों में सिर्फ 66 रन ही बनाए हैं।

## भारतीय टीम टी-20 विश्वकप जीतेगी : इशांत

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को उम्मीद है कि इस बार भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप जीतेगी। इशांत ने कहा कि टीम जिस प्रकार से शानदार प्रदर्शन कर रही है उससे उनकी उम्मीद जागी है। 35 वर्षीय इशांत ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि टीम इंडिया अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखेगी और खिताब जीतेगी। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, हमारे गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और अर्शदीप ने जिस प्रकार सुपर आठ में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर सहित तीन अहम विकेट लिए। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी के साथ-साथ रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शानदार कप्तानी के लिए भी प्रशंसा के हकदार हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 92 रन बनाने के अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर ट्रैविस हेड को आउट कर भारतीय टीम को जीत की राह पर धकेला था। साथ ही कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम ने इस मैच में अपने प्रदर्शन से दबाव बनाया था वैसा ही हमें आगे भी देखने की उम्मीद है। अब देखना है कि इशांत की ये उम्मीद पूरी होती है या नहीं।

## नीतीश चोटिल होने के कारण जिम्बॉब्वे दौरे से बाहर हुए, शिवम शामिल

**मुम्बई** : भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ी नीतीश रेड्डी चोट लगने के कारण अगले माह होने वाले जिम्बॉब्वे दौरे से बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह ऑलराउंडर शिवम दुबे को शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि भारतीय टीम 6 जुलाई से जिम्बॉब्वे में 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने बयान ने कहा कि चयन समिति ने चोटिल नीतीश की जगह शिवम को भारतीय टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने ये भी कहा है कि उसकी चिकित्सा टीम की नजर नीतीश की फिटनेस पर लगी हुई है।

# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा

## अफगानिस्तान को हराया; चोकर्स का दाग मिटाया, 7 बार सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है टीम



एजेंसी

**त्रनिदाद** : साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। अफ्रीका पहली बार ही किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है। टीम पर लगा चोकर्स का दाग भी मिट गया है। साउथ अफ्रीका 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। फाइनल की दूसरी टीम का फैसला रात 8 बजे गयाना के प्रॉविडेंस स्टेडियम में होगा। यहां इंडिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगी। पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीता। त्रनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर पहले बैटिंग की। अफगानिस्तान 56 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 1 विकेट खोकर ये टारगेट हासिल कर लिया। रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच बने 3 ओवर में 3 विकेट लेने वाले मार्को यानसन।

**साउथ अफ्रीका-अफगानिस्तान मैच का स्कोरकार्ड**

**सेमीफाइनल की 3 अहम बातें**

1. अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का सबसे छोटा स्कोर बनाया, सिर्फ 56 रन। 20 ओवर में सिर्फ 11.5 ओवर खेली।
2. साउथ अफ्रीका ने 1992 से वर्ल्ड कप खेलना शुरू किया, 32 साल बाद फाइनल में पहुंची है।
3. अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने मैच से पहले कहा था कि उनकी टीम ने ज्यादा नींद नहीं ली है यानी बड़े मैच से पहले प्रॉपर रेस्ट नहीं किया।

**मैन ऑफ द मैच- मार्को यानसन**

**मैन** ऑफ द मैच रहे दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के पेसर मार्को यानसन। उन्होंने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए।

**पहला ओवर** : कप्तान ऐडन मार्करम ने पहला ओवर मार्करम को दिया। यानसन ने 4 रन देकर रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट लिया। रहमानुल्लाह ने अफगानिस्तान के लिए इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 281 रन बनाए हैं।

**दूसरा ओवर** : यानसन ने दूसरे ओवर में अफगानिस्तान के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज गुलबदीन नाइब को बोल्ड किया। गेंद हल्की सी अंदर की ओर आई थी और बल्ले से टकराकर स्टंप्स में जा लगी।

**तीसरा ओवर** : यानसन अपना तीसरा और पारी का पांचवां ओवर लेकर आए थे। इस बार उन्होंने अफगानिस्तान के बल्लेबाज नांग्याल खरोती को पवेलियन भेजा।

**साउथ अफ्रीका की जीत के दूसरे हीरोज**

**तबरेज शम्सी** : तबरेज शम्सी ने अफगानिस्तान के लोअर ऑर्डर को खत्म कर दिया। शम्सी ने सिर्फ 11 गेंदें फेंकीं यानी 1.5 ओवर, 6 रन दिए और 3 विकेट ले लिए। उन्होंने करीम जनत, नूर अहमद और नवीन उल हक को पवेलियन भेजा। तीनों बल्लेबाज एलबीडब्लू आउट हुए।

**एनरिक नॉर्त्या** : 3 ओवर में सिर्फ 7 रन दिए यानी हर ओवर में ढाई रन से भी कम और 2 विकेट लिए । नॉर्त्या ने अजमतुल्लाह उमरजई और कप्तान राशिद खान के अहम विकेट लेकर अफगानिस्तान के मिडिल ऑर्डर को नाकाम कर दिया।

**रीजा हेंड्रिक्स** : साउथ अफ्रीका के ओपनर हेंड्रिक्स और क्विंटन डीकॉक के सामने छोटा टारगेट था। लेकिन डीकॉक को दूसरे ही ओवर में फजल हक फारुकी ने बोल्ड कर दिया। मुश्किल पिच पर रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम के साथ 55 रन का नाबाद साझेदारी की। लगातार एक चौका और एक छक्का लगाकर जीत दिला दी।

**अफगानिस्तान की हार के 3 कारण**

**1. ओपनर्स फेल हो गये**

**अफगानिस्तान** की टीम ने इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल समेत 8 मैच खेले। 3 मुकाबलों में उसे हार मिली, इंडिया के खिलाफ, वेस्टइंडीज के खिलाफ और साउथ अफ्रीका के खिलाफ। इंडिया के खिलाफ ओपनर्स रहमानुल्लाह गुरबाज और हजरतुल्लाह जजाई फेल रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज शून्य पर आउट हुए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज शून्य और इब्राहिम जादरान 2 रन पर आउट हो गए। जिन बड़ी टीमों के खिलाफ अफगानिस्तान जीता, उनमें ओनपर्स का बड़ा रोल था। न्यूजीलैंड के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज ने 80 और इब्राहिम जादरान ने 44 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी लगाई। बांग्लादेश के खिलाफ गुरबाज 43 रन की पारी खेली।

**2. मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी चुनी, फैसला गलत साबित हुआ**

**अफगानिस्तान** के कप्तान राशिद खान टॉस जीते। ऐसी पिच पर बल्लेबाजी चुनी, जहां इस वर्ल्ड कप में 5 में से 4 मैच रन चेज करने वाली टीम जीती। पांचों मैच में कोई भी टीम 150 का टोटल नहीं छू सकी। वर्ल्ड कप में इस पिच पर सबसे कम टारगेट 40 रन है, जो युगांडा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर असमान उछाल थी। इस पर घास भी थी और क्रैक्स भी, जो पेसर्स के लिए फायदेमंद होते हैं। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी, लेकिन साउथ अफ्रीका ने ऐसी पिच का फायदा उठाया। पिच का व्यवहार ना समझ पाने की वजह से अफगानिस्तान के जीत के चांसेस कम हो गए। टीम 56 पर ऑलआउट हो गई, जो साउथ अफ्रीका के लिए बेहद मामूली टोटल था।

**3. बड़े मैच का प्रेशर और एक्साइटमेंट**

**अफगानिस्तान** पहली बार किसी भी वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची। टीम को ऐसे मुकाबलों में प्रेशर हैंडल करने का कोई एक्सपीरियंस नहीं था। टीम दबाव का सामना नहीं कर पाई और बल्लेबाजी में ही बिखर गई। एक्साइटमेंट भी एक वजह रहा। कप्तान राशिद खान ने मैच से पहले कहा था, ₹हम एक बड़ा स्कोर चाहते हैं और इसके बाद हमें अपने बॉलिंग अटैक पर भरोसा है। हममें से कोई ज्यादा सोया नहीं है, लेकिन अभी भी सब ऊजार्वान हैं। ये हमारे लिए एक बड़ा गेम है।₹ राशिद की टीम उत्साहित तो थी, लेकिन बड़े मैच से पहले रिकवरी के लिए रेस्ट की अहमियत को भूल गई।



# इस टूर्नामेंट से हमें काफी कुछ सीखने को मिला : राशिद

एजेंसी

**तारोबा** : अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान राशिद खान ने कहा है कि उनकी टीम टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में हारी जरुर है पर उनका हौंसला नहीं टूटा है। राशिद ने कहा कि यह उनकी टीम के लिए शुरूआत है। इस टूनार्मेंट से खिलाड़ी को काफी अनुभव मिला है। इसके अलावा उन्हें ये भी भरोसा हुआ है कि वे किसी भी टीम को हरा सकते हैं। इस टूनार्मेंट में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों को हराकर उलटफेर करने वाली अफगानिस्तान टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में करारी हार का सामना करना पड़ा है। राशिद ने इसी को लेकर कहा, एक टीम के रूप में हमारे लिए इस प्रकार का प्रदर्शन स्वीकार करना कठिन था। हम इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन करते पर हालात ने हमारा साथ नहीं दिया। टी20 क्रिकेट यही है जिसमें आपको हर प्रकार के हालात के अनुरूप ढलना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, ह्यहमारे लिए यह शुरूआत भर है। हमारे अंदर किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास आ रहा है। हमें प्रक्रिया पर ध्यान देना है। हमने यहां से बहुत कुछ सीखा है। राशिद ने कहा, इस टूनार्मेंट से हम आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं। हमें पता है कि हमारे पास कौशल है हमने यहां हमने कठिन और दबाव भरे हालात में खेलना सीखा। एक टीम के रूप में किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, यह पूछने पर राशिद ने कहा, कुछ सुधार तो करना होगा। खासकर मध्यक्रम की बल्लेबाजी में ये जरुरी है। अभी तक परिणाम अच्छे रहे हैं पर हमें बल्लेबाजी में और मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की।



# अगले माह एशिया कप में होगा भारत-पाक की महिला क्रिकेट टीमों में मुकाबला



एजेंसी

**मुम्बई** : अब प्रशंसकों को एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अनुसार ये मुकाबला अगले माह श्रीलंका में भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच एशिया कप में खेला जाएगा। एशिया कप 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 19 जुलाई को पाकिस्तान से होगा। इस बार एशिया कप में मेजबान श्रीलंका सहित आठ टीमें भाग लेंगी। पिछली बार से अलग करते हुए इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। इसमें भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में रहेंगे।. एसीसी के अनुसार भारतीय टीम 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूनार्मेंट में एक बार मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी नजर आयेंगी।अब एशिया कप में भारतीय टीम ने सबसे अधिक कुल सात बार इस खिताब जीता है। वहीं एक बार इसे बांग्लादेश ने जीता था।

# क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा



एजेंसी

**कोलंबो** : क्रिस सिल्वरवुड ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की। सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया। इस बीच, सिल्वरवुड ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है प्रियजनों से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत और भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है। सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट और अन्य विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अप्रैल 2022 में मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से उनके साथ काम किया।

# गुलबदीन के बचाव में उतरे अश्विन

एजेंसी

**चेन्नई** : भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिन आर अश्विन ने चोट की एक्टिंग करने वाले अफगानिस्तान के क्रिकेटर गुलबदीन नायब का बचाव किया है। गुलबदीन ने टी20 विश्व कप मुकाबले में समय खराब करने के लिए चोट लगने की एक्टिंग की थी। जिसके कारण वह आईसीसी के निशाने पर आ गये हैं। इस मामले में आईसीसी उन्हें सजा भी दे सकती है क्योंकि गुलबदीन की कई क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने कड़ी आलोचना की है। इसी को लेकर सोशल मीडिया में भी वह जमकर ट्रोल हुए। वहीं अश्विन का मानना है कि गुलबदीन का मैदान पर चोट का दिखावा इसलिए गलत नहीं माना जा सकता कि ये अहम मुकाबला था। गुलबदीन बांग्लादेश के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे। 12वें ओवर में अचानक ही वह अपन पैर पकड़कर पीठ के बल गिर पड़े। उसी समय अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट अपने खिलाड़ियों को खेल को धीमा करने का संकेत कर रहे थे क्योंकि बारिश शुरू हो गई थी और अगर खेल वहीं रुक जाता तो अफगानिस्तान 2 रन से मैच जीत लेता। अफगान टीम उस समय डकवर्थ लुइस नियम के तहत 2 रन आगे थी। अश्विन ने कहा, ट्रॉट ड्रेसिंग रूम से खेल की गति धीमी करने का इशारा कर रहे थे। इसके बाद नायब मैदान पर गिर गये हालांकि हर कोई कह रहा है कि उन्हें इसके लिए सजा दी जाएगी पर मुश्किल क्या है? वह अपने देश के लिए खेल रहा था और ह्यकरो या मरो विश्व कप क्वालीफायर जीतने की कोशिश कर रहा था।



# टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, उद्घाटन संस्करण को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम दुनिया भर में शतरंज की पहुंच का विस्तार करने और शतरंज प्रशंसकों के लिए नए अनुभव लाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिक शतरंज इको सिस्टम में एक नए युग की शुरूआत करने के लिए टेक महिंद्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और हमें विश्वास है कि लीग का दूसरा संस्करण खेल को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सही मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर रोहित ने कहा

# हमारे लिए यह एक आम मैच की तरह



एजेंसी

**जॉर्जटाउन** : इंग्लैंड के खिलाफ आज खेले जाने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारत इस मुकाबले को भी एक आम मैच की तरह ही लेगा और इस बात पर जोर नहीं देगा कि यह नॉकआउट मैच होगा। भारतीय खिलाड़ी इसके संदर्भ को भूलने की कोशिश करेंगे ताकि टीम पर ज्यादा दबाव न पड़े। जॉर्जटाउन में सेमीफाइनल मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय कप्तान ने कहा, ₹हम इस मैच को इस टूनार्मेंट में खेले गए एक अन्य मैच की तरह ही लेना चाहते हैं। हम इस बारे में नहीं सोचना चाहते कि आगे क्या होने वाला है और मैच का संदर्भ क्या है। हर किसी के मन में यह बात है कि यह सेमीफाइनल है। लेकिन आप इसके बारे में बार-बार बात नहीं करना चाहते। और न ही इस बारे में सोचना चाहते हैं कि अतीत में क्या हुआ है। भारत ने टी-20 विश्व कप में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं, सिवाय कनाडा के खिलाफ मियामी में खेले गए मैच के जो बारिश की भेंट चढ़ गया था। मुकाबले की नॉकआउट प्रकृति के बारे में बहुत अधिक सोचने से, उन्हें लगा कि खिलाड़ी खुद की मदद नहीं कर पाएंगे। कप्तान ने कहा, पूरा समूह अच्छी मानसिक स्थिति में है। हम एक टीम के रूप में अच्छा खेल रहे हैं, एक-दूसरे की कंपनी का आनंद ले रहे हैं, और कई बार एक-दूसरे की सफलता का भी आनंद ले रहे हैं। मुझे लगता है कि इस टूनार्मेंट में हम जो कर रहे हैं, उसे जारी रखना महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम पिछले कुछ समय से आईसीसी ट्रॉफी जीतने से दूर है और हाल के दिनों में, वे ऑस्ट्रेलिया में 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल, पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल और दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में हार गए। रोहित ने मुकाबले के लिए टीम के दृष्टिकोण के बारे में कहा, ₹हम फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहते, जो अभी बहुत दूर है। हम इस बारे में सोचना चाहते हैं कि हम कितना अच्छा खेल सकते हैं और एक टीम के रूप में हम वह परिणाम हासिल करने के लिए क्या कर सकते हैं जिसकी हमें तलाश है। कभी-कभी अगर आप बहुत ज्यादा सोचते हैं, तो आप मैदान पर वो निर्णय नहीं ले पाएंगे जो आप लेना चाहते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने दिमाग में स्पष्ट रहें कि हम क्या करना चाहते हैं। हमने खिलाड़ियों के साथ काफी बातचीत की है, कि हम में से प्रत्येक से क्या अपेक्षा की जाती है। इसलिए, अब समय आ गया है कि हम केवल व्यक्तिगत प्रवृत्ति पर भरोसा करें और फिर खेल को आगे बढ़ाएं।



जर्मनी में यूरो कप मैच में जीत के बाद उत्साहित रोमानियाई खिलाड़ी और उनके समर्थक।

## एक झलक

### वित्तीय प्रणाली मजबूत, बैंकों का कुल एनपीए 2.8 फीसदी पर आया : आरबीआई

**मुंबई/नयी दिल्ली** : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) का अनुपात मार्च के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को जून, 2024 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च के अंत में 0.6 फीसदी रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के लिए कहा है। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में शक्तिकांत दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

### इंडिया सीमेंट्स की 23 फीसदी हिस्सेदारी 1,885 करोड़ रुपये में खरीदेगी अल्ट्राटेक

**नयी दिल्ली** : देश में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के 7.06 करोड़ स्टॉक्स को 267 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से अल्ट्राटेक खरीदेगी। इस सौदे की कुल कीमत करीब 1,885 करोड़ रुपये हो सकती है। अल्ट्राटेक सीमेंट्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। आज बाजार में कारोबार के दौरान इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11.43 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। ये 292.63 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 दिन में इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 26.52 फीसदी और एक महीने में 37.06 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

### एयर इंडिया के दो ए-350 विमान एक सितम्बर से दिल्ली-लंदन मार्ग पर भरेंगे उड़ान

**नयी दिल्ली** : टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली-लंदन मार्ग पर एक सितंबर से ए-350 विमान का उपयोग करेगा। इस मार्ग पर प्रतिदिन दो उड़ानों में ए-350-900 विमान को शामिल किया जायेगा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया आपके उड़ान अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। एक सितंबर से ए-350 विमान दिल्ली-लंदन (हीथ्रो) मार्ग पर पहली बार उड़ान भरेगा। ये उड़ानें हफ्ते में 14 बार होंगी। इसमें अपग्रेडेड केबिन और अपडेटेड सुविधाओं के साथ एयर इंडिया का नया अनुभव होगा। इस विमान में बिल्कुल नया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास और बिजनेस क्लास भी होगा। एयर इंडिया के मुताबिक 17 में से 14 साप्ताहिक उड़ानों में इस समय बोइंग 777-300 ईआर और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन अब इन उड़ानों में ए-350-900 विमान जगह लेगा।

# सेंसेक्स 79 हजार और निफ्टी 24 हजार के पार

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ मजबूती का सिलसिला आज लगातार तीसरे दिन जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले और रिकॉर्ड ऊंचाई पर ही बंद होने में सफल रहे। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 79 हजार अंक के स्तर को और निफ्टी 24 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



कारोबार के दौरान आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर रियल्टी, पीएसयू बैंक, इंडस्ट्रियल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.17। प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 437.02 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.81 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,529 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,366 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,320 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 751 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,569 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84.42 अंक की मजबूती के साथ 78,758.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से ये सूचकांक 206.91 अंक टूट कर 78,467.34 अंक तक गिर गया। लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

## वी मुवीज एंड टीवी ऐप ने एंटरटेनमेंट पेशकश को बनाया सशक्त

**रांची** : किफायती दामों पर ज्यादा एंटरटेनमेन्ट की बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयास में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने कंटेंट एग्रीगेटर ऐप वी मुवीज एण्ड टीवी को इस साल नए अवतार में लॉन्च किया था। मौजूदा टॉप प्लेयर्स जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार के अलावा वी ने आज एक और अग्रणी ओटीटी प्लेयर-जी 5 के साथ नई साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप अब मात्र 248 प्रति माह की कीमत पर एक ही सब्सक्रिप्शन में 17 ओटीटी ऐप्स का एक्सेस देता है। वी के यूजर वी मुवीज एण्ड टीवी के लिए सिंगल सब्सक्रिप्शन के साथ अपने मोबाइल एवं टीवी पर टॉप ओटीटी ऐप्स जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, जी5 पर अपने पसंदीदा कंटेंट का लुत्फ उठा सकते हैं। वी के यूजर मुवीज, शोज और लोकप्रिय टाइटल्स की व्यापक रेंज का आनंद उठा सकते हैं जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार पर विद्या बालन की दो और दो प्यार, वर्तमान में चल रहे आईसीसी मैन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024, रीजनल ब्लॉकबस्टर्स शामिल है। इस अवसर पर अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा कि वी में हम इस बात को समझते हैं कि भारत में लोग कुछ भी खरीदने से पहले सुविधा और मूल्य को ध्यान में रखते हैं। इसी के मद्देनजर हम ऐसे समाधान लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सकें। हमारा कंटेंट एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप एक ही प्लान के साथ 17 ओटीटी ऐप्स का एक्सेस देता है। इससे न सिर्फ एंटरटेनमेन्ट की लागत कम हो जाती है बल्कि अलग-अलग ओटीटी ऐप्स का सब्सक्रिप्शन लेने के झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।

# अमेजन ब्यूटी ने लॉन्च किया डर्मा स्टोर और 'स्किनकेयर एडवाइजर'

लांच

**रांची** : अमेजन ब्यूटी अपने ग्राहकों द्वारा सौंदर्य उत्पादों के लिए तीन प्रमुख पहलों के लॉन्च की घोषणा की है, इनमें अमेजन डर्मा स्टोर, अपग्रेडेड ग्लोबल ब्यूटी स्टोर 2.0, और इनोवेटिव स्किनकेयर एडवाइजर टूल शामिल है। इस गर्मी में अमेजन ब्यूटी ग्राहकों को अमेजन की तेज डिलीवरी और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव की सुविधा के साथ शीर्ष ब्रांडों, ट्रेंडिंग स्किनकेयर सामग्री, नए उत्पादो का लॉन्च और अद्वितीय खोजों का एक क्यूरेटेड चयन प्रदान करके ऑनलाइन सौंदर्य खरीदारी के अनुभव को बढ़ा रहा है। सौंदर्य प्रेमियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हुए, अमेजन ब्यूटी ने स्किनकेयर एडवाइजर भी पेश किया है, ये एक अभिनव उपकरण है, जो व्यक्तिगत त्वचा संबंधी चिंताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर त्वचा की देखभाल के लिए समाधान प्रदान करता है। खोज में निर्बाध रूप से एकीकृत, ग्राहक अपनी त्वचा के प्रकार और लक्ष्यों के बारे में एक संक्षिप्त सर्वेक्षण करते हैं। इसके बाद टूल पूरी दिनचर्या को शामिल करते हुए उत्पाद रेकमेंडेशन का एक पर्सनलाइज्ड सेट पेश करता है, इसमें क्लींजर से लेकर उपचार, मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन और आंखों की देखभाल तक शामिल है। नया ग्लोबल ब्यूटी स्टोर 2.0 दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य ब्रांडों को सीधे ग्राहकों के पहुंच में लाता है। अपग्रेडेड स्टोर में दुनिया भर से 60+ से अधिक ब्रांडों का विशेषज्ञ रूप से क्यूरेटेड चयन शामिल है, जिसमें जैसे नए ब्रांड लॉन्च अनास्तासिया बेवर्ली हिल्स, न्यूडेस्टिक्स, ई.एल.एफ. कॉस्मेटिक्स, ब्यूटी ऑफ जोसियन, एक्सिस-वाई, फर्स्ट एड ब्यूटी, रोमएंडएनडी, मैक्स फैक्टर और भी बहुत कुछ उपलब्ध होगा। स्किन केयर, मेकअप, सुगंध, बालों की देखभाल और भी बहुत कुछ, ग्लोबल ब्यूटी स्टोर 2.0 40% तक की छूट पर 5,000 से अधिक प्रोडक्ट्स की पेशकश करता है।

## टैरिफ दरें बढ़ाने की तैयारी में टेलीकॉम कम्पनियां

**नयी दिल्ली** : दिसंबर 2021 के बाद एक बार फिर देश में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। विभिन्न टेलीकॉम कंपनियां जुलाई के महीने में ही टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। ऐसा होने से मोबाइल फोन पर बात करना और महंगा हो जायेगा। माना जा रहा है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी खत्म होने के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने टैरिफ दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। इसके पहले दिसंबर, 2021 में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ दरों में बढ़ोतरी की थी। इसके बाद से अभी तक हेडलाइन टैरिफ में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, बेस पैक प्लान में टेलीकॉम कंपनियां अपने हिसाब से बढ़ोतरी करती रही हैं।

# मेट सिटी में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगायेगी जर्मन की 'ब्यूमर इंडिया'

- 02 अरब रुपये का निवेश करेगी जर्मन कम्पनी
- 750 से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद

**गुरुग्राम** : हरियाणा के झज्जर में बनी इंटीग्रेटिड ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी - मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (MET) में जर्मनी की कम्पनी 'ब्यूमर इंडिया' मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगायेगी। मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कम्पनी है। मेट सिटी में 10 देशों की 570 से अधिक कंपनियां काम कर रही हैं। ब्यूमर इंडिया यहां आने वाली पहली जर्मन कम्पनी है।

ब्यूमर ग्रुप मैटेरियल हैंडलिंग सॉल्यूशन का वैश्विक निर्माता है। उसकी योजना इस अत्याधुनिक नयी सुविधा में 02 अरब रुपये से अधिक का निवेश करने की है। प्लांट चालू होने पर यहां 750 लोगों से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद है। ब्यूमर के प्लांट से आसपास के छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। ब्यूमर ग्रुप और मेट सिटी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने शिलान्यास और शिलान्यास समारोह में भाग लिया। प्लांट को सितंबर 2025 तक चालू करने की योजना है।

मेट सिटी के सीईओ एस.वी. गोयल ने कहा, 'हम मेट सिटी परिवार में ब्यूमर इंडिया का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। ब्यूमर का मेट सिटी में आना मील का पत्थर साबित होगा। ब्यूमर इंडिया मजबूत भारत-जर्मनी संबंधों का एक शानदार उदाहरण है। यह न केवल सर्वोत्तम-इन-क्लास बुनियादी ढांचा प्रदान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा, बल्कि मेट सिटी को सबसे बड़े एकीकृत स्मार्ट शहरों के तौर पर भी स्थापित करेगा। ब्यूमर ग्रुप के सीईओ रुडोल्फ हाउसलाडेन ने कहा, यह विस्तार ब्यूमर ग्रुप के रणनीतिक फोकस और भारत में दीर्घकालिक सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नयी प्रोडक्शन साइट हमारे वैश्विक फुटप्रिंट के लिए एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। बताते चलें कि हरियाणा की मेट सिटी देश की सबसे बड़ी IGBC प्लेटिनम रेटेड इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी में से एक है। रक्षा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो कम्पोनेंट, मेडिकल डिवाइस, FMCG, फुटवियर, प्लास्टिक, उपभोक्ता उत्पाद से जुड़ी अनेकों कम्पनियां यहां काम कर रही हैं। हरियाणा का एकमात्र जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप (JIT) भी मेट

# सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट आज 72,650 रुपये से लेकर 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140



रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


## वर्ल्ड टीवी प्रीमियर में हुमा कुरैशी की पाक कला की दुनिया 'तरला'




**एंड** पिक्चर्स पर वर्ल्ड टीवी प्रीमियर में पाक कला की दुनिया की मशहूर हस्ती तरला दलाल की जिंदगी के एक शानदार सफर पर, जिनकी कहानी उनकी रेसिपी जितनी ही चटपटी है। इस अनोखी और दिल को छू लेने वाली बायोपिक में, तरला (हुमा कुरैशी) एक ऐसी महिला की प्रेरणादायक कहानी है जहां कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, तरला महिलाओं को सशक्त बनाती है और उन्हें खाने के जरिए अपने सपनों को साकार करने में मदद करती है। यह फिल्म एक कुकिंग एडवेंचर पर है जिनके अटूट इरादों और खाना पकाने के जुनून ने उन्हें एक खास पहचान दिलाई और वे एक गृहिणी से एक प्रसिद्ध कुकिंग आइकन बन गयीं।

# अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना

**मुंबई** : बजट से पूर्व महाराष्ट्र के आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है, जो देश की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत के समान है। इसी तरह कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत और उद्योग क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि सेवा क्षेत्र में 8.8 प्रतिशत का विस्तार दर्ज होने की संभावना है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार वित्त विभाग भी संभालते हैं। उन्होंने गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा मानसून सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के



अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष के 6.8 प्रतिशत की तुलना में 7.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 2023-24 के लिए मौजूदा कीमतों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 40,44,251 करोड़ रुपये और वास्तविक 24,10,898 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। अखिल भारतीय जीडीपी में राज्य का औसत हिस्सा सबसे अधिक 13.9 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,52,389 रुपये थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 2,19,573 रुपये थी। जीएसडीपी में राजकोषीय घाटा 2.8 प्रतिशत है, जीएसडीपी में राजस्व घाटा 0.5 प्रतिशत है और जीएसडीपी में ऋण स्टॉक 17.6 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष में वार्षिक योजनाओं के लिए कुल अनुमानित व्यय 2,31,651 करोड़ रुपये है, जिसमें से 20,188 करोड़ रुपये जिला वार्षिक योजनाओं के लिए हैं। 2023-24 के लिए राजस्व प्राप्तियां 4,86,116 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4,05,678 करोड़ रुपये थी। सर्वेक्षण के अनुसार दी गई अवधि में महाराष्ट्र का राजस्व व्यय 5,05,647 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वर्ष यह 4,07,614 करोड़ रुपये था। 2023-24 के लिए राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए वार्षिक ऋण योजना का आकार 6.51 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र की हिस्सेदारी 25.9 प्रतिशत और सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम और खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश के बाद जैविक कृषि उत्पादन (27 प्रतिशत) में महाराष्ट्र भारत में दूसरे स्थान पर है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, देश में एफडीआई प्रवाह के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा है। 2022-23 के दौरान, राज्य से निर्यात ने देश के कुल निर्यात का 16 प्रतिशत योगदान दिया।

## पेज एक के शेष

### युवाओं का होगा कौशल विकास, रोजगार भी देंगे : चम्पाई...

के साथ सीखने की प्रक्रिया भी हमेशा जारी रखें। यह आपको और भी आगे ले जायेगा।

**दूसरे युवाओं को भी प्रेरित करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यहां जिन छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के हैं। ऐसे में आप उनके लिए किसी न किसी रूप में प्रेरणा स्रोत बनेंगे। आपकी सफलता ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आपके पास हुनर होगा, तो रोजगार के अनेक मौके मिलेंगे।

**देश के साथ विदेश की कम्पनियों में मिली नौकरी**

**प्रेझा** फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के जिन विद्यार्थियों को आज नियुक्ति पत्र मिला, उनमें कल्याण गुरुकुल के 13 विद्यार्थियों का चयन दुबई की एक कम्पनी, नर्सिंग की चार छात्राओं का चयन हैदराबाद के एक बड़े अस्पताल, कलीनरी के छह विद्यार्थियों का चयन राजस्थान और आठ विद्यार्थियों का हैदराबाद के एक बड़े होटल के लिए हुआ है।

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव कृपानंद झा और प्रेझा फाउंडेशन के मुख्य परियोजना पदाधिकारी एम कुमार मौजूद थे।

### राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता : चम्पाई...

संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

**निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जायेगा। वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गम्भीरता से विचार करेगी। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए ये कदम उठाये जा रहे हैं।

**इलाज के लिए राज्य के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़े**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं। वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये अस्पतालों के खुलने से लोगों को इलाज करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर सरकार का विशेष जोर**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दिशा में स्वास्थ्य केन्द्रों को मजबूत कर रहे हैं। सरकार इसके लिए तो कार्य कर ही रही है, लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को भी इसके लिए आगे आना होगा। वे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें, ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए अन्यत्र इधर-उधर जाना नहीं पड़े। सभी के सहयोग से हम राज वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सफल होंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ . अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश...

योजना 2023 में ली गयी थी, परंतु एजेंसी की लापरवाही की वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी, जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गयी है, विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करे तथा नयी स्वीकृति करा कर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाये।

**पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों का शीघ्र करें निराकरण**

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से ऐसी खबरें मिली रही हैं कि राज्य के कुछ जिलों में चूंआ, तालाब, कुआं आदि जल स्रोतों से ग्रामीण पीने का पानी ला रहे हैं, जिन-जिन क्षेत्रों में ऐसी खबरें मिल रही हैं, वहां जांच करा कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। पेयजल से सम्बन्धित जो भी शिकायतें विभाग को मिल रही हैं, उनका निराकरण हर हाल में करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसी सभी बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं, जिन्हें माह सितम्बर-अक्टूबर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उन सभी योजनाओं को माह जुलाई-अगस्त 2024 तक हर हाल में पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर कुछ ऐसे पहाड़ हैं, जहां से झरना गिरता है, उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं ली जा सकती हैं। ऐसे पहाड़ों को चिह्नित कर कार्य योजना बनायें।

**शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास से जोड़ें**

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाये जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए मात्र 12 हजार रुपये राशि दी जाती है, अधिकारी इसकी भी समीक्षा करें कि इतनी राशि में गुणवत्तापूर्ण शौचालय बनाया जा सकता है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अबुआ आवास के लाभुकों को एक बेहतर शौचालय देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लम्बे समय तक उपयोग में लाया जा सके। मुख्यमंत्री ने गोबरधन परियोजना अंतर्गत निर्मित गोबरगैस प्लांट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ग्रामीणों को गोबरगैस प्लांट के फायदे की जानकारी उन तक पहुंचायें।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, तेजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अभियंता प्रमुख ब्रजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता, मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में सीबीआई टीम फिर प्रिंसिपल को लेकर पहुंची स्कूल, की पूछताछ...

दिन भर सीबीआई की टीम ने स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक से घर स्कूल और चरही गेस्ट हाउस में पूछताछ की थी। लगभग 19 घंटे से अधिक समय बीत चुका है और अभी भी सीबीआई उनसे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि कुछ अहम एविडेंस सीबीआई के हाथ लगे हैं। वहीं, बीती रात कुछ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किये गये थे। गुरुवार को फिर से एहसान उल हक से पूछताछ की गयी। लगभग 22 घंटे से अधिक सीबीआई की टीम ने प्राचार्य को अपनी कस्टडी में रखा है।

### नीतियों का विरोध करना और संसद की कार्यवाही को बाधित करना दो अलग-अलग बातें...

लेकिन ये सारे रिफॉर्म समय की कसौटी पर खरे साबित हुए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में 10 साल पहले भारत के बैंकिंग सेक्टर को डूबने से बचाने के लिए सरकार द्वारा बैंकिंग रिफॉर्म का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया और डाक नेटवर्क का उपयोग कर दुर्घटना और जीवन बीमा का कवरेज बढ़ाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में सुधार प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए, ताकि वे युद्ध के लिए तैयार रहें। बैंकों की मजबूती उन्हें ऋण आधार बढ़ाने तथा राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में अधिक भागीदारी की मांग करनेवाली महिलाओं को महिला आरक्षण कानून से सशक्त बनाया गया है। पूर्वोत्तर में विकास के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, सरकार एएफएसपीए को धीरे-धीरे हटाने के लिए भी काम कर रही है। सरकार पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए काम कर रही है। पिछले 10 वर्षों में कई पुरानी समस्याओं का समाधान किया गया।

राष्ट्रपति ने लोकसभा में पहली बार चुन कर आये सदस्यों और पुराने सदस्यों से संसद के सुचारु संचालन में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आज का समय हर प्रकार से भारत के लिए अनुकूल है। इस समय का अधिक से अधिक लाभ देश को मिले, यह दायित्व सरकार के साथ-साथ संसद के हर सदस्य का भी है। उन्होंने कहा कि आनेवाले वर्षों में भारत की सरकार और संसद क्या निर्णय लेती है, क्या नीतियां बनाती हैं, इस पर पूरे विश्व की नजर है। राष्ट्रपति ने कहा, 'नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज का विरोध, दो भिन्न बातें हैं।' राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बनेंगे।

उन्होंने कहा कि अक्सर विरोध परक मानसिकता और संकीर्ण स्वार्थ के कारण लोकतंत्र की मूल भावना का बहुत अहित हुआ है। इसका प्रभाव संसदीय प्रणाली पर भी पड़ता है और देश की विकास यात्रा पर भी पड़ता है। देश में कई दशकों तक अस्थिर सरकारों के दौर में कई सरकारें चाहते हुए भी न रिफॉर्म कर पायीं और न ही आवश्यक निर्णय ले पायीं। भारत की जनता ने निर्णायक बन कर इस स्थिति को बदला है।

नीट-यूजी पेपर लीक और अन्य परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आरोपों की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। सरकार दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाधान तक पहुंचने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी भी कारण से इनमें रुकावट आये, यह उचित नहीं है। इनमें शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने परीक्षाओं के दौरान अनुचित साधनों के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कानून बनाया है।

राष्ट्रपति ने 25 जून, 1975 को लागू हुए आपातकाल का स्मरण करते हुए कहा कि आपातकाल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार भी भारत के संविधान को सिर्फ राजकाज का माध्यम भर नहीं मानती, बल्कि हमारा संविधान जन-चेतना का हिस्सा हो, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। इसी ध्येय के साथ मेरी सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि अब भारत के उस भू-भाग, जम्मू-कश्मीर में भी संविधान पूरी तरह लागू हो गया है, जहां आर्टिकल 370 की वजह से स्थितियां कुछ और थीं। राष्ट्रपति ने देश के भीतर और बाहर मौजूद विघटनकारी ताकतों से सदस्यों को आगाह करते हुए कहा कि आज की संचार क्रांति के युग में विघटनकारी ताकतें, लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज में दरारें डालने की साजिशें रच रही हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि इस चुनौती से निपटने के लिए नये रास्ते खोजें।

## एक झलक

### बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम

**ला पाज :** साउथ अमेरिका के देश बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम हो गई। बोलीविया के सैनिकों ने राजधानी ला पाज में मौजूद राष्ट्रपति पैलेस पर हमला बोल दिया। इसके बाद आर्मी के टॉप जनरल होजे ज्यूनिगा ने सेना के कुछ सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रपति पैलेस में सैन्य वाहन लेकर घुसने की कोशिश की। हालांकि, 3 घंटे अंदर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बोलीविया के टेलीविजन पर इसका लाइव टेलिकास्ट किया गया। वीडियो के मुताबिक, बोलीविया की सिक्योरिटी फोर्स ने शहर के मुख्य चौराहे को घेर लिया। इसके बाद एक मिलिट्री वाहन राष्ट्रपति पैलेस के दरवाजे पर टक्कर मारने लगा। इस दौरान सैनिकों ने अंदर दाखिल होने की कोशिश की।

### राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की कोशिश

**माले :** मालदीव की पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमाथ शमनाज को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेनिश न्यूज एजेंसी श्वस्नश्व के मुताबिक,फातिमाथ के अलावा 2 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सभी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। हालांकि, मालदीव की सरकार की तरफ से अब तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने फातिमाथ के घर की तलाशी ली थी। इस दौरान वहां से काला जादू से जुड़ा काफी सामान बरामद हुआ था। फातिमाथ राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की पत्नी हैं।

### पाकिस्तान में गर्मी से 06 दिन में 568 की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में भीषण गर्मी से बीते 6 दिन में 568 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में से 141 लोगों ने जान गंवाई। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 3 दिन में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, हवा में ज्यादा नमी की वजह से उमस बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से 40 डिग्री तापमान भी 49 डिग्री जैसा महसूस हो रहा है। पिछले 4 दिन में कराची के सिविल अस्पताल में हीटस्ट्रोक की वजह से 267 लोग भर्ती हुए हैं। पाकिस्तान के एक एनजीओ ईधी फाउंडेशन के प्रमुख फैसल ने कहा कि कराची में उनके 4 मुर्दाघर चल रहे हैं, लेकिन हालात ये हैं कि मुर्दाघरों में शवों को रखने के लिए जगह नहीं बची है। यहां हर दिन 30-35 शव पहुंच रहे हैं। डॉन न्यूज के मुताबिक, इमरजेंसी सेवाओं के कर्मचारियों को कराची की सडकों पर अब तक 30 लोगों के शव मिले हैं।

### फिलीपीन सेना ने संदिग्ध विद्रोहियों को किया ढेर

**मनीला :** फिलीपींस की सेना ने बताया कि मनीला के उत्तर में नुएवा एसिजा प्रांत में हुई मुठभेड़ में सात संदिग्ध विद्रोही मारे गए हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बुधवार को पेंटाबंगन शहर में न्यू पीपुल्स आर्मी के विद्रोहियों और सरकारी बलों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें कोई भी फिलीपींस सैनिक हताहत या घायल नहीं हुआ है।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर के लिए होगा रवाना

एजेंसी

**जम्मू :** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को जम्मू के भगवती नगर से कश्मीर के लिए रवाना होगा, जबकि घाटी से इस साल की यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। यात्री पहले ही जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास पर पहुंचना शुरू हो चुके हैं, जहां से वह उत्तर कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग बेस कैंप के लिए सुरक्षा गाड़ियों में रवाना होंगे। अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह 4 बजे भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा गाड़ियों के साथ घाटी के लिए रवाना होगा। लगभग 300 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा के लिए सैकड़ों सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। सीएपीएफ की और टीमें 85 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बालटाल बेस कैंप रोड और काजीगुंड-पहलगाम बेस कैंप रोड की सुरक्षा कर रही हैं। श्रीनगर-बालटाल मार्ग पर गांदरबल जिले के मणिगाम में और काजीगुंड-पहलगाम मार्ग पर मीर बाजार में यात्रा ट्रांजिट कैंप स्थापित किए हैं। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक कुल 3.50 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है और गुफा के दोनों मार्गों पर 125 लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थापित किए गए हैं। इन लंगरों में 7,000 से अधिक सेवादार यात्रियों की सेवा करेंगे। जम्मू के सरस्वती धाम व गीता भवन परेड में बुधवार से तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए टोकन जारी होना शुरू हो गए हैं। पहले दिन बालटाल और पहलगाम से यात्रा करने वालों के लिए एक-एक हजार टोकन दिए गए हैं। गुरुवार सुबह सात बजे टोकन प्राप्त करने वाले यात्रियों का रजिस्ट्रेशन भी जारी है। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए यात्रियों में उत्साह देखते ही बनता है। टोकन लेने के लिए जम्मू के सरस्वती धाम व गीता भवन में सुबह से ही लाइनें लग गईं थीं। बीते दिनों यात्री वाहनों पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती को बढ़ाया गया है। इसके साथ ही ड्रोन और 365 एंगल के सीसीटीवी कैमरों से यात्री वाहनों पर नजर रखी जा रही है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हर 500 मीटर और एक किलोमीटर की दूरी पर सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं। इन पर 24 घंटे हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री जम्मू पहुंचना शुरू हो गए हैं।



### अमरनाथ यात्रा मार्ग पर होगी इलेक्ट्रॉनिक निगरानी

**शनिवार** से शुरू होनेवाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पूरे यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था सहित अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों को देखते हुए इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं, जिसमें शिव खोड़ी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमला भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं, क्योंकि हाल के दिनों में आतंकवादियों ने निर्दोष तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया है। वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

# सपा सांसद की संसद से सेंगोल हटाने की मांग पर बढ़ा विवाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** 18 वीं लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आरके चौधरी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। इस तरह की अजीबोगरीब मांग से देश हतप्रभ है तो अधिकांश सांसद इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीका मान रहे हैं।

दरअसल, सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। सेंगोल के खिलाफ सपा नेता के इस बयान की चहुंओर आलोचना हो रही है।

सपा सांसद आरके चौधरी की सेंगोल पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहले उनके बारे में बात करनी चाहिए जिनके साथ वे खड़े हैं, न कि संविधान के बारे में।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब संसद में सेंगोल की स्थापना हुई थी, तब भी समाजवादी पार्टी सदन में थी, उस समय उनके सांसद क्या कर रहे थे और अब क्यों विरोध कर रहे हैं।


केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि सपा के जो सांसद ऐसा कह रहे हैं, उन्हें पहले संसदीय परंपराओं को जानना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस सेंगोल को हटाने की बात कर रहे हैं, वह स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे लगता है कि कहीं न कहीं उन्हें संविधान और संसदीय परंपराओं पर गौर करना चाहिए।

गोरखपुर से भाजपा के सांसद रवि किशन ने कहा कि सपा के सांसद कुछ भी कह सकते हैं। वे तो भगवान राम की जगह लेना चाहते हैं, पिछले दिनों उन्होंने अपने सांसद की तुलना भगवान राम से की थी। इन बातों का कोई मतलब नहीं है।

भाजपा नेता सीआर केसवन ने कहा है कि आरके चौधरी की टिप्पणी अपमानजनक है। उन्होंने संसद की पवित्रता को भी कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद से इससे बेहतर उम्मीद नहीं कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि पीएम मोदी ने जो भी किया है सही किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सेंगोल को संसद में ही रहना चाहिए।

भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि सेंगोल को संसद में होने का विरोध करने वालों को इसके मूल्य और राजनीतिक निहितार्थों का पता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह इस देश के शासन में नैतिक मूल्यों की स्थापना का प्रतीक है। यह सेंगोल इसलिए यहां है कि' कोई भी प्रधानमंत्री अराजकता, तानाशाही और आपातकालीन व्यवस्था स्थापित नहीं कर सकता।






### सपा नेता के इस बयान की चहुंओर हो रही आलोचना

**सपा** के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। सेंगोल के खिलाफ सपा नेता के इस बयान की चहुंओर आलोचना हो रही है।

# मप्र में सीएए के तहत पहली बार दी तीन लोगों को भारतीय नागरिकता

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) 2019 के तहत प्रदेश के प्रथम तीन विदेशी आवेदकों को मंत्रालय में भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने राखी दास, समीर मेलवानी और संजना मेलवानी को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे परिवार के लोग हमारे पास आ गए हैं। यह अपने धर्म को बचाने के लिए अपने मूल देश आये हैं। सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) के आने के बाद नागरिकता पाने वाले सभी लोगों का हम स्वागत करेंगे। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि नई पीढ़ी के यह लोग मध्यप्रदेश का हिस्सा बन रहे हैं। हमारे देश के नागरिकों के जो अधिकार हैं वही अधिकार इनको मिलेंगे। मध्यप्रदेश में इनका स्वागत है, राज्य शासन से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह लोग मध्यप्रदेश का निवासी बन कर गर्व का अनुभव करेंगे।



■ मुख्यमंत्री बोले : हमारे परिवार के लोग हमारे पास आ गये हैं

**प्रधानमंत्री मोदी की पहल अखण्ड भारत की याद दिलाती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कठिनाई का निराकरण कर ऐसा रिश्ता पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है जो अखण्ड भारत की याद दिलाता है। वर्ष 1947 से पहले तत्कालीन सरकार द्वारा निर्णय किया गया था कि हम अपने अपने देश में अल्पसंख्यकों की रक्षा करेंगे।

### आतंक फैलाने के पांच आरोपितों की करोड़ों की सम्पत्ति जब्त

**श्रीनगर :** बारामुला में पुलिस ने स्थानीय कोर्ट के कुर्की आदेश के बाद पाकिस्तान के इशारे पर दहशतगर्दी फैलाने के पांच आरोपितों की करोड़ों रुपये की संपत्ति (नौ कनाल भूमि) जब्त की है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने जिन पांच आतंकियों की संपत्ति जब्त की है, उनमें बशीर अहमद गनी पुत्र अहमद निवासी तिलगाम, मेहराज उद दीन लोन पुत्र फता मोहम्मद निवासी खरगाम, गुलाम मोहम्मद याटू पुत्र अहमद निवासी तिलगाम, अब रहमान भट पुत्र मोहम्मद सुभान निवासी वानीगाम पाईन तथा अब राशिद लोन पुत्र मोहिउद्दीन निवासी सतरेसीरन शामिल हैं। यह कार्रवाई सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है।

### वाहन की जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस के हाथ लगा 80 लाख का सोना

**अहमदाबाद :** शहर के सोनी की चाली क्षेत्र में वाहन की जांच के दौरान एक कार की जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस के हाथ 80 लाख कीमत का सोने का पाउडर हाथ लगा है। कार से बरामद सोने का पाउडर अहमदाबाद से राजस्थान ले जाया जा रहा था। ओढव पुलिस ने कार में सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। जानकारी के मुताबिक पूर्वी अहमदाबाद के सोनी की चाल सर्कल पर ट्रैफिक पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। उस दौरान वहां से गुजर रही दिल्ली पासिंग की एक कार रोक उसकी जांच शुरू कर दी। कार में राजस्थान के तीन शख्स सवार थे जिसमें शुभम पेठीवाला, भुवनेश्वरसिंह सोढा और मोहमद फराज गोपालपुरिया शामिल है। कार की तलाश में लेधर बैग के भीतर सुनहरा पाउडर प्लास्टिक पाउच में पैक थो पूछताछ में कार में सवार शख्सों ने बताया कि यह सोने का पाउडर है। इस खुलासे के बाद ओढव पुलिस ने रु. 80 लाख कीमत का 1.126 किलो ग्राम सोने का पाउडर अपने कब्जे में ले लिया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि बरामद सोना अहमदाबाद से राजस्थान पहुंचाने के बदले में उन्हें रु. 50000 मिले थे तीनों आरोपियों को रुकने के लिए अहमदाबाद के एसपी रिंग रोड स्थित होटल न्यूयोर्क में व्यवस्था की गई थी।

# महाराष्ट्र में प्रतिदिन 9 किसानों की आत्महत्या तत्काल कर्जमाफी दे सरकार : उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र में हर दिन 9 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। अमरावती जिले में हर दिन एक किसान आत्महत्या कर रहा है, किसानों की हालत दयनीय बनी हुई है। इसलिए राज्य सरकार को तत्काल सूबे के किसानों को कर्जमाफी देना चाहिए।

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे गुरुवार को विधान भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि वे फाइव स्टार खेती करते हैं। हर अमावस्या और पूर्णिमा को उनके खेतों में पता नहीं क्या उपज होती है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे के जैसा कोई भी किसान पूरे देश में कोई नहीं है, जो हेलीकॉप्टर से अपने खेतों में जाता हो। उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रदेश में हर दिन 9 किसान अपनी जान दे रहे हैं, अब भी 10 हजार 22 करोड़ रुपये का मुआवजा देना किसानों को देना बाकी है। कई जगहों पर किसानों को फसल बीमा नहीं दिया गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब वे सीएम थे तो नागपुर अधिवेशन में बिना किसी से पूछे किसानों का 02 लाख तक का कर्ज माफ कर दिया था। चुनाव अभी 03 महीने दूर हैं, किसानों का कर्ज तुरंत माफ किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री रहते हुए देवेन्द्र फड़णवीस ने भी किसानों के लिए घोषणा की थी, लेकिन वह अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि कल बजट पेश हो रहा है, सिर्फ घोषणा न करें, पहले की गई घोषणाओं का क्रियान्वयन करें। साथ ही सरकार ने जो घोषणाएं की हैं, उनमें से कितनी पूरी हुई, इसकी भी श्वेत पत्रिका सरकार को निकालना चाहिए।



### भूस्खलन व बाढ़ से एक दिन में 10 की मौत

**काठमांडू :** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन से राजमार्ग भी अवरूद्ध होने की जानकारी मिली है। मॉनसून के प्रवेश के साथ ही नेपाल के अधिकांश हिस्सों में बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्यांग्जा जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि लमजुंग और कास्की जिले में पांच लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह कैलाली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है।

# सैयामी खेर करेंगी सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर

एजेंसी

**मुंबई :** बालीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर अपकमिंग फिल्म में सनी देओल के साथ काम करती नजर आएंगी। जब से बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म को लेकर साउथ डायरेक्टर गोपीचंद मलिनेनी के साथ हाथ मिलाया है, तब से फैंस इस बात को जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कौन होंगी। मेकर्स ने अब एक्ट्रेस के नाम से पर्दा उठा दिया है। सैयामी ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने कहा, सनी देओल के साथ काम करना सम्मान की बात है, यह सपना सच होने जैसा है। घूमर के बाद, यह प्रोजेक्ट मेरे करियर में बेहद अहमियत रखता है। इस कमर्शियल फिल्म की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे यह अवसर मिला है। फिल्म के लिए गोपीचंद मलिनेनी का दृष्टिकोण वास्तव में बहुत शानदार है। मैं इस जर्नी के शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। मुझ पर विश्वास करने और क्षमताओं को दिखाने का मौका देने के लिए मैं निमार्ताओं की आभारी हूं। फिल्म को ऑफिशियल तौर पर 20 जून को हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। शूटिंग 22 जून से शुरू होने वाली है।प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर फिल्म की घोषणा की और लिखा, देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म के लिए तैयार हो जाइए- एसडीजीएम, स्टारिंग एक्शन सुपरस्टार सनी देओल।



# पिता को लीवर दान कर सकेगी नाबालिग बेटी, हाई कोर्ट से भी मिली अनुमति

एजेंसी

**इंदौर :** नाबालिग बेटी अपने पिता को लीवर दान कर सकेगी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने गुरुवार को नाबालिग बेटी की गुहार को स्वीकार करते हुए इसकी अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पूरी सावधानी बरतते हुए जल्द से जल्द ऑपरेशन किया जाना चाहिए। कोर्ट से अनुमति मिलने के तुरंत बाद अस्पताल में भर्ती पिता और बेटी को लीवर ट्रांसप्लांट के लिए निगरानी में ले लिया गया है।

नाबालिग बेटी द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार सुबह 10.30 बजे न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य आयुक्त ने भी अपनी रिपोर्ट में नाबालिग को लिवर देने के लिए पूरी तरह से फिट बताया है। ये दोनों रिपोर्ट कोर्ट रिकार्ड में उपलब्ध हैं। इस पर न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि कुछ तकनीकी समस्या के चलते उनके सिस्टम में ऑनलाइन दस्तावेज नहीं खुल रहे हैं, लेकिन वे इस याचिका को स्वीकारते हुए नाबालिग को लिवर ट्रांसप्लांट की अनुमति दे रहे हैं। ट्रांसप्लांट में पूरी सावधानी बरती जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि नाबालिग के जीवन को कोई संकट न हो। अस्पताल जल्द से जल्द सर्जरी करे।

### ■ मेडिकल कॉलेज और प्रदेश सरकार ने पहले दे दी थी अनुमति



गौरतलब है कि इंदौर के नजदीकी गांव बेटमा निवासी 42 वर्षीय शिवनारायण बाथम पेशे से कृषक हैं। वे पहलवान भी रहे हैं और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता भी जीत चुके हैं। वह करीब छह वर्ष से लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने करीब दो माह पहले उनसे कह दिया था कि उन्हें लीवर ट्रांसप्लांट कराना पड़ेगा। इसके अलावा कोई अन्य उपचार नहीं है। शिवनारायण की बड़ी बेटी प्रीति अपने पिता को अपना लीवर देने को तैयार भी हो गई, लेकिन समस्या यह थी कि उसकी आयु 17 वर्ष 10 माह है और कानूनन एक नाबालिग अपना लीवर दान नहीं कर सकती थी। कोर्ट की अनुमति के बगैर डाक्टरों ने भी लीवर ट्रांसप्लांट से इनकार कर दिया था। इस पर परिजनों ने एडवोकेट नीलेश मनोरे के माध्यम से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त को आदेश दिया था कि वे नाबालिग की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि क्या वह लीवर का कुछ हिस्सा देने के लिए पूरी तरह से फिट है।

मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य आयुक्त दोनों की रिपोर्ट में नाबालिग बेटी को लीवर देने के लिए पूरी तरह से समक्ष और योग्य बताया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुई सुनवाई में कोर्ट ने याचिका स्वीकारते हुए नाबालिग को अपने लीवर का कुछ हिस्सा पिता को देने की अनुमति दे दी।

पिता शिवनारायण के लिए अपना लीवर देने वाली नाबालिग बेटी प्रीति ने कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद कहा कि उनकी लड़ाई अभी बाकी है। कोर्ट ने लीवर ट्रांसप्लांट की अनुमति तो दे दी, लेकिन हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहे और मेरे पिता पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे। उसने कहा कि हम पांच बहनें हैं। मैं सबसे बड़ी हूं, इसलिए सबसे ज्यादा जिम्मेदारी भी मेरी ही है। हम सभी चाहते हैं कि पापा पहले की तरह ठहाके लगाते हुए हम सबके बीच बात करें।

याचिकाकर्ता प्रीति के वकील एडवोकेट नीलेश मनोरे ने बताया कि उन्होंने अनुमति के लिए शिवनारायण बाथम की ओर से 13 जून को हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।